# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






राजधानी एक्सप्रेस आग की चपेट में



आग बुझाने में जुटा अमला



आग वाले कोच को अलग किया

सुबह 5:15 बजे

दिल्ली-मुंबई रेल रूट घंटों प्रभावित, फायर सेफ्टी सिस्टम की देशभर में होगी जांच

## बहुत बड़ा हादसा टला, रेलयात्रियों पर आई थी बड़ी बला... धूं धूं कर दहक उठी थी यात्रियों से भरी राजधानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तिरुवनंतपुरम-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में रविवार तड़के आग लगने की घटना के बाद रेलवे मंत्रालय ने हाईलेवल जांच के आदेश दिए हैं। हादसा सुबह करीब 5:15 बजे कोटा मंडल के नागदा सेक्शन में लूनीरिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच हुआ, जब ट्रेन के पिछले दो कोचों में आग लग गई। इनमें एक गार्ड कोच और एक एसी थ्री टियर कोच शामिल था। आग की लपटें विकराल थीं। सभी यात्रियों को बचा लिया गया।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन संख्या 12431 तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के पास गुजर रही थी, तभी गार्ड ने धुआं और आग की लपटें देखीं और तुरंत लोको पायलट को सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को तत्काल रोका ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 68 यात्रियों को 15 मिनट में सुरक्षित निकाला गया

रेलवे के अनुसार प्रभावित एसी कोच में करीब 68 यात्री सवार थे। ट्रेन स्टाफ और रेलवे कर्मचारियों की तत्परता से सभी यात्रियों को करीब 15 मिनट के भीतर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना में किसी यात्री के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। रेलवे ने बताया कि कोच में लगा ऑटोमेटिक सेफ्टी सिस्टम सक्रिय हो गया था, जिसके चलते ट्रेन स्वतः रुक गई। इसके बाद प्रभावित दोनों कोचों को ट्रेन से अलग कर आग पर काबू पाया गया।

### शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच जारी

प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि रेलवे ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना की विस्तृत जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। रेलवे मंत्रालय ने इस घटना ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



IPL आज का मुकाबला

सीएसके एसआरएच

शाम 7.30 बजे से


पीएम के नीदरलैंड दौरे पर ट्रेड, डिफेंस,टेक्नोलॉजी जैसे कई मुद्दों पर बनी बात

## आतंकवाद व वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर हुई चर्चा व्यापार समेत 17 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बदलते वैश्विक हालात और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत और नीदरलैंड ने अपने रिश्तों को नई ऊंचाई देते हुए उन्हें स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन के बीच हुई बातचीत के दौरान दोनों देशों ने रक्षा, क्रिटिकल मिनरल्स, सेमीकंडक्टर और कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बैठक में दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे वैश्विक ऊर्जा सप्लाई और व्यापार नेटवर्क पर गंभीर असर पड़ रहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी और नीदरलैंड के पीएम की बैठक में दोनों देशों ने पार्टनरशिप का दर्जा दिया

सेमीकंडक्टर और क्रिटिकल मिनरल्स पर बढ़ेगा सहयोग

भारतीयों को नौकरी और पढ़ाई में मिलेगा फायदा

भारत के लिए यूरोप का बड़ा गेटवे है नीदरलैंड



### आतंकवाद के खिलाफ भारत को पूरा समर्थन

दोनों नेताओं ने कहा कि बातचीत और कूटनीति के जरिए स्थायी और न्यायपूर्ण शांति की कोशिश जारी रहनी चाहिए। बैठक के बाद दोनों देशों ने स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप रोडमैप लॉन्च किया। इसका मकसद व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। इसके ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नीदरलैंड से सीखने लायक है वाटर मैनेजमेंट: मोदी

नीदरलैंड दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को डच प्रधानमंत्री रॉब जेटेन के साथ विश्व प्रसिद्ध अफ्सलाउटडाइक डैम का दौरा किया। इस दौरान भारत और नीदरलैंड के बीच वाटर मैनेजमेंट, फ्लड कंट्रोल, क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने



और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी की नीदरलैंड की यह यात्रा उनकी चार देशों की यूरोप यात्रा का हिस्सा है, जिसमें स्वीडन, नॉर्वे और इटली भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अफ्सलाउटडाइक डैम के दौरे के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वाटर मैनेजमेंट के क्षेत्र में नीदरलैंड ने दुनिया के सामने एक मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को नीदरलैंड के अनुभव और तकनीक से सीखने की जरूरत है. पीएम मोदी ने कहा कि भारत वाटर मैनेजमेंट ▶▶ शेष पेज 5 पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से हाथ मिलाते हुए

## स्वीडन पहुंचे पीएम मोदी, व्यापार, एआई और ग्रीन ट्रांजिशन पर होगी अहम वार्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर स्वीडन के गोथेनबर्ग पहुंचेंगे। भारत-स्वीडन संबंधों के लिहाज से इस यात्रा को ऐतिहासिक माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी स्वीडन के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, जिसमें व्यापार, ग्रीन ट्रांजिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), उभरती प्रौद्योगिकियां, स्टार्टअप, आपूर्ति श्रृंखला, रक्षा, अंतरिक्ष, जलवायु परिवर्तन और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी और स्वीडिश प्रधानमंत्री यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष के साथ यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री को भी संबोधित करेंगे। यह मंच यूरोप के प्रमुख उद्योगपतियों और कारोबारी नेताओं का महत्वपूर्ण पैन-यूरोपीय फोरम माना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा उनके यूएई और यूरोप यात्रा का तीसरा चरण है। जनवरी 2026 में भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के बाद यह उनका पहला यूरोपीय दौरा भी है।



नरेंद्र मोदी के साथ पीएम उल्फ क्रिस्टरसन

**व्यापार और निवेश में रिकॉर्ड बढ़ोतरी :** भारत और स्वीडन के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खबर संक्षेप

#### सीएनजी कीमतों में एक रुपए की और बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वाहन ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली सीएनजी की कीमतों में रविवार को एक रुपए प्रति किलोग्राम की और बढ़ोतरी की गई। एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार सीएनजी के दाम बढ़ाए गए हैं। प्रमुख शहर गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लि. ने सीएनजी की कीमतों में एक रुपये प्रति किग्रा की वृद्धि की घोषणा की है। नई दरों के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीएनजी की कीमत बढ़कर 80.09 रुपए प्रति किलो हो गई है।





#### कामी रीता ने 32वीं बार फतह किया माउंट एवरेस्ट

**काठमांडू।** नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी 'माउंट एवरेस्ट' को 32वीं बार फतह करके इतिहास रच दिया। शेरपा ने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार सफलता पूर्वक चढ़ाई करने का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। 56 वर्षीय अनुभवी पर्वतारोही रविवार पूर्वाह्न 10 बजकर 12 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंचे शिखर पर पहुंचे। शेरपा एक अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। पर्यटन विभाग ने पुष्टि की।



भोजशाला का श्रद्धालुओं ने गोमूत्र से किया शुद्धिकरण, मां वाग्देवी की तस्वीर लेकर पहुंचे

## मंदिर में सूर्योदय से ही मंत्रोच्चार भी शुरू हो गया था, पूजा पाठ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धार की ऐतिहासिक भोजशाला में पूजा करने को लेकर शनिवार रात को एएसआई ने गाइडलाइन जारी की थी। इसके बाद रविवार सुबह से ही हिंदू पक्ष के लोग हाथ में मां वाग्देवी की तस्वीर लेकर भोजशाला मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना शुरू की। इस मौके पर भोजशाला के गर्भगृह में रंगोली बनाकर उसे आकर्षक तरीके से सजाया गया। इसके पहले उस जगह को गोमूत्र से पवित्र किया गया। भोजशाला के बाहर ज्योति मंदिर में अखंड ज्योत को भी



स्थापित किया गया। मंदिर में सूर्योदय से मंत्रोच्चार भी शुरू हो गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और मांडू के संत महामंडलेश्वर निसर्ग दास भी भोजशाला में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। कलेक्टर राजीव रंजन मीना और एसपी सचिन शर्मा भी भोजशाला पहुंचे और उन्होंने पूजा भी की। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अब अत्याधुनिक शू-टेस्टिंग लैब शुरू फुटवियर उद्योग को मिलेगी ऑक्सीजन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपभोक्ता मामले विभाग के तहत आने वाले के उत्तरी क्षेत्र, गाजियाबाद में अत्याधुनिक शू टेस्टिंग लैब स्थापित की गई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि यह लैब देशभर के छोटे, मंझोले फुटवियर निर्माताओं, निर्यातकों, उपभोक्ताओं और नियामक एजेंसियों को विश्वसनीय, व्यापक और उच्च-स्तरीय फुटवियर परीक्षण सेवाएं उपलब्ध कराएगी। मंत्रालय के अनुसार, इस अत्याधुनिक सुविधा की स्थापना तेजी से बढ़ रहे फुटवियर सेक्टर के लिए भारत की गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्टेट ऑफ आर्ट उन्नत शू टेस्टिंग लैब में आधुनिक परीक्षण उपकरण और अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया गया है, जिससे भारतीय मानकों के अनुरूप विभिन्न प्रकार के फुटवियर उत्पादों की जांच की जा सकेगी। यह लैब सुरक्षा और औद्योगिक जूतों, स्कूल शूज़, लेदर फुटवियर समेत कई श्रेणियों के जूतों की गुणवत्ता परीक्षण करने में सक्षम है।

**उद्योग को मिलेगा सीधा फायदा :** गाजियाबाद स्थित यह लैब दिल्ली-एनसीआर, कानपुर और आगरा जैसे प्रमुख फुटवियर निर्माण केंद्रों के करीब होने के कारण उद्योगों के लिए काफी लाभकारी मानी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सीबीएसई की ऑनस्क्रीन मार्किंग प्रणाली से बढ़ी पारदर्शिता छात्रों की हर चिंता का होगा समाधान : शिक्षा सचिव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों को लेकर उठे सवालों के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली से मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ी है। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने कहा कि कुछ छात्रों ने मार्किंग प्रक्रिया और पास प्रतिशत में हल्की गिरावट को लेकर चिंता जताई है, लेकिन छात्रों का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सीबीएसई ने ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली को व्यापक स्तर पर लागू किया है, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और वस्तुनिष्ठ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *98 लाख कॉपियों की डिजिटल जांच*

*संजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष लगभग 98 लाख उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन कर डिजिटल माध्यम से जांचा गया। इसमें सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण की कई स्तरों वाली व्यवस्था लागू की गई। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर पुस्तिकाओं की जांच क्षेत्रीय कार्यालयों तक सीमित रहती थी, लेकिन ओएसएम प्रणाली के जरिए अब भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर मूल्यांकन संभव हो पाया है। इससे अंक जोड़ने में होने वाली त्रुटियां कम हुई हैं और सभी छात्रों के लिए समान मानकों के आधार पर मूल्यांकन सुनिश्चित हुआ है।*

### *पुनर्मूल्यांकन शुल्क घटाया*

*सचिव ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया में भी छात्रों को राहत दी गई है। अब उत्तर पुस्तिका देखने के लिए 100 रुपये, सत्यापन के लिए 100 रुपये तथा प्रति प्रश्न पुनर्मूल्यांकन शुल्क 25 रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि पुनर्मूल्यांकन के बाद अंक बढ़ते हैं तो छात्रों की फीस वापस कर दी जाएगी। पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया 19 मई से शुरू होगी।*

### *छात्रों और अभिभावकों से अपील*

*संजय कुमार ने छात्रों और अभिभावकों से चिंता न करने की अपील करते हुए कहा कि सीबीएसई द्वारा उपलब्ध सभी तंत्र निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ काम करेंगे तथा हर शिकायत का समाधान किया जाएगा। केंद्रीय स्कूल शिक्षा सचिव के अनुसार नई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली से परिणाम प्रक्रिया अधिक तेज, सुरक्षित और पारदर्शी बनी है।*

## बार-बार पेपर लीक क्यों? : राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमला, शिक्षा मंत्री को हटाने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



नीट पेपर लीक मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए पूछा है कि आखिर बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं और सरकार इस पर जवाब क्यों नहीं दे रही है? राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर नीट मामलों में लगातार हो रहे प्रश्न पत्र लीक की तुलना करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा कि 2024 में पेपर लीक हुआ, लेकिन परीक्षा रद्द नहीं हुई, मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया, सीबीआई जांच बैठी और कमेटी बनाई गई। वहीं 2026 में फिर पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द करनी पड़ी, सीबीआई जांच फिर शुरू हुई और अब एक और कमेटी बनने जा रही है। देश के युवा परेशान हो रहे हैं, जबकि सरकार में जिम्मेदारी तय नहीं हो रही। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी से तीन सीधे सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि बार-बार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *विपक्ष ने बढ़ाया दबाव*

*नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस, एनएसयूआई और भारतीय युवा कांग्रेस पहले से ही केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। विपक्ष का आरोप है कि देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा की विश्वसनीयता लगातार कमजोर हो रही है और लाखों छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है।*

### *सीबीआई कर रही जांच*

*पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई कर रही है। जांच एजेंसियों ने विभिन्न राज्यों से एक के बाद एक कई। आरोपियों को गिरफ्तार किया है। केंद्र सरकार ने परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए नई व्यवस्था और विशेषज्ञ समिति गठित करने के संकेत दिए हैं।*

### *छात्रों में बढ़ी चिंता*

*लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों से छात्रों और अभिभावकों में नाराजगी बढ़ी है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का कहना है कि बार-बार होने वाली गड़बड़ियों से उनकी मेहनत और भविष्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं।*

वैट 25 से घटाकर 7 प्रतिशत करने के दिल्ली सरकार के फैसले की सराहना

राज्य सरकार के उठाए गए कदम एयरलाइंस को बड़ी राहत देने वाले हैं

## दिल्ली सरकार ने एटीएफ पर वैट घटाया तो केंद्रीय मंत्री ने कहा, शुक्रिया, विमान यात्रियों को राहत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर वैट 25 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत करने के दिल्ली सरकार के फैसले की सराहना की है। जाहिर है विपरीत परिस्थितियों में दिल्ली सरकार ने जनहित में ये फैसला किया। फैसले से विमान यात्रा करने वाली यात्रियों को थोड़ी राहत मिलेगी। सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि वैश्विक स्तर पर विमानन क्षेत्र लगातार परिचालन और लागत संबंधी दबावों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए



सक्रिय कदम एयरलाइंस को बड़ी राहत देते हैं और हवाई यात्रा को आम यात्रियों के लिए किफायती बनाए रखने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के सबसे व्यस्त विमानन केंद्रों में शामिल दिल्ली को इस फैसले का विशेष लाभ मिलेगा। इससे एयरलाइंस की परिचालन स्थिरता बेहतर होगी और रोजाना यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों को सस्ती और सुगम हवाई कनेक्टिविटी मिलती रहेगी। गौरतलब है कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल एयरलाइंस की परिचालन लागत का बड़ा हिस्सा होता है। ऐसे में वैट में कमी से एयरलाइंस के खर्च में राहत मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका असर भविष्य में हवाई किरायों पर भी दिखाई दे सकता है। दिल्ली की रेखा सरकार के इस फैसले को विमानन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब घरेलू एयर ट्रैफिक लगातार बढ़ रहा है और एयरलाइंस लागत नियंत्रण की चुनौती से जूझ रही हैं।

## पुलिस ने तीन आरोपी किये गिरफ्तार

# युवक को चाकू घोंपकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा जिले के सीमापुरी थाना अंतर्गत एक युवक की चाकू व डंडा मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम जीशान बताया गया है। मामला शनिवार आधी रात सामने आया। कुछ ही घंटों में केस सुलझाते हुये पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनसे अपराध में इस्तेमाल चाकू और डंडा भी बरामद हो गया। आरोपियों के नाम सोनू (20) निवासी डीएलएफ भोपरा, उत्तर प्रदेश, लक्ष्मी नारायण (32) निवासी नंद नगरी और मोहम्मद अमन उर्फ शाहिद (22) निवासी सुंदर नगरी, दिल्ली बताये गये हैं। एक आरोपी पेशे से मजदूर था। दूसरा फुटपाथ पर जूते बेचता था और एक सैलून में दिहाड़ी पर काम करता था।

डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार शनिवार को रात लगभग 11:00 बजे सीमापुरी थाने में सूचना मिली कि दिलशाद कॉलोनी रेड लाइट के पास एक अज्ञात घायल व्यक्ति पड़ा है। घायल को एक व्यक्ति द्वारा जीटीबी अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसके बाद रविवार को रात लगभग 12:55 बजे जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली कि डॉक्टरों ने उक्त अज्ञात घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस अधिकारी अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे। पूछताछ के दौरान नंद नगरी निवासी गौरव (26) पुलिस से मिला और उसने मृतक की पहचान जीशान निवासी ताहिरपुर दिल्ली के रूप में की। चश्मदीद ने बताया कि वह और मृतक जीशान दोस्त थे और दोनों दिलशाद कॉलोनी रेड लाइट के पास सर्विस लेन से एक साथ जा रहे थे। उसी दौरान सोनू, लक्ष्मी नारायण और मोहम्मद अमन उर्फ शाहिद नामक तीन परिचित व्यक्ति एक स्कूटी पर वहां पहुंचे और एक पुराने विवाद को लेकर उनसे झगड़ा करने लगे। जब चश्मदीद ने आपत्ति जताई तो आरोपियों ने उसे चेतावनी दी कि वह बीच में न पड़े, क्योंकि वे जीशान को सबक सिखाना चाहते थे। कहासुनी के दौरान मोहम्मद अमन ने जीशान को पकड़ लिया। इसके बाद सोनू ने एक धारदार हथियार निकाला और जीशान की छाती पर वार किया, जबकि आरोपी लक्ष्मी नारायण ने उस पर डंडे से हमला किया। अपराध करने के बाद सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# रिहायशी इमारत में आग लगने के बाद नौ लोग पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





शाहदरा इलाके में शनिवार आधी रात एक चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लग गई। दर्जनों लोगों को रेस्क्यू करवाया गया। सांस लेने में तकलीफ होने पर महिलाओं व एक नाबालिग लड़की समेत नौ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार शनिवार आधी रात 12 बजकर तीन मिनट पर मानसरोवर पार्क के डी-45 स्थित इमारत में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गई। अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग इमारत के भूतल पर स्थित पार्किंग क्षेत्र में रखे घरेलू सामान में लगी थी। बचाव अभियान के दौरान डीएफएस कर्मियों ने इमारत की विभिन्न मंजिलों पर फंसे दर्जनों लोगों को सुरक्षित निकाला। धुएं के कारण सांस लेने में तकलीफ होने पर नौ लोगों को गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में भर्ती कराया। इनके नाम वंशिका (20), तनिष्का सोनी (19), दुर्गेश (49), योगेश वर्मा (50), राज रानी (65), अरुण गर्ग (48), अनन्या (12), रेनू गर्ग (19) और प्रतीक गर्ग (19) बताये गये हैं। आग पर बाद में काबू पा लिया गया, लेकिन आग लगने का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। उधर अस्पताल में भर्ती सभी लोगों को भी उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## स्विमिंग पूल में डूबने से 10 वर्षीय बच्चे मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तरी जिले के वजीराबाद स्थित जगतपुरी में रविवार सुबह एक प्राइवेट स्विमिंग पूल में डूबने से 10 वर्षीय बच्चे मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान बुराड़ी, सुशांत विहार निवासी संस्कार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार संस्कार अपने 4- 5 दोस्तों के साथ स्विमिंग पूल में नहाने गया था। बताया जा रहा है कि पूल अवैध तरीके से चल रहा था और उसमें कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। इसके बावजूद वहां 100 से लेकर 300 रूपये घंटे के हिसाब से लिये जा रहे थे।

# ई रिक्शा सवार यात्रियों का सामान चोरी करने वाला कपल चढ़ा हत्थे




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की मोती नगर पुलिस ने चोरी करने वाले एक कुख्यात जोड़े को गिरफ्तार किया है। यह जोड़ा ई रिक्शा सवार यात्रियों को निशाना बनाता था। चोरी की गई 90 हजार रुपये की नकद राशि बरामद की गई है। इसके अलावा अपराध में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा भी जब्त कर लिया गया।

डीसीपी दराडे शरद भास्कर के अनुसार 14 मई को कीर्ति नगर निवासी एक 60 वर्षीय बुजुर्ग ने शिकायत दी कि एक दिन पहले उन्होंने जगुआर शोरूम के पास से शिवाजी मार्ग, मोती नगर से फन सिनेमा रेड लाइट तक जाने के लिए एक ई-रिक्शा लिया था। उनके पास एक छोटा बैग था जिसमें एक लाख रुपये नकद थे। अपनी मंजिल पर पहुंचने के बाद पाया कि बैग फटा हुआ है और उसमें से नकदी गायब थी। इसके बाद मोती नगर पुलिस ने केस दर्ज किया। इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एसएचओ मोती नगर, और एसीपी पंजाबी बाग सब-डिवीजन के नेतृत्व में एएसआई राजिंदर, दीपक, हेड कांस्टेबल पवन, कांस्टेबल चंदर प्रकाश और महिला कांस्टेबल ज्योति की एक टीम गठित की गई। टीम ने बहुत बारीकी से काम किया और घटना के मार्ग के पास लगे कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। जांच के दौरान अपराध में शामिल ई-रिक्शा की पहचान हुई। लगातार प्रयासों और तकनीकी निगरानी के आधार पर आरोपी सुरेश (25) को उसकी पत्नी रजनी उर्फ अंजली (22) के साथ पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ई-रिक्शा में यात्रा करने वाले बुजुर्ग यात्रियों को निशाना बनाते थे और यात्रा के दौरान बड़ी चालाकी से उनके बैग से नकद और कीमती सामान चुरा लेते थे। उनके कब्जे से चोरी की गई राशि में से 90 हजार रुपये बरामद हो गये हैं। ई-रिक्शा बरामद कर लिया गया। आरोपियों की अभी तक कोई पिछली संलिप्तता नहीं मिली है।

# 1.83 करोड़ के वीजा धोखाधड़ी मामले में इमिग्रेशन कंसल्टेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने 1.83 करोड़ के कनाड़ा वीजा धोखाधड़ी मामले में इमिग्रेशन कंसल्टेंट को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये शख्स का नाम डेरा बस्सी, पंजाब निवासी धमेंद्र शर्मा बताया गया है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार दो साल पहले आरोपी पर एक महिला से लगभग 1.83 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज हुआ था। आरोपी ने महिला को एक बिजनेस इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के जरिए कनाडा में इमिग्रेशन दिलाने का झूठा झांसा दिया था। कोविड 19 की पहली लहर के बाद शिकायतकर्ता ने रोजगार के अवसरों के लिए कनाडा जाने का मन बनाया था। इस दौरान वह धर्मेंद्र शर्मा के संपर्क में आई थी। आरोपी ने खुद को एक इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म का डायरेक्टर (ऑपरेशंस) बताया था। खुद को कनाडा इमिग्रेशन और विदेशी निवेश कार्यक्रमों का विशेषज्ञ बताते हुए आरोपी ने शिकायतकर्ता को एक कथित बिजनेस इन्वेस्टमेंट स्कीम में 2,50,000 कैनेडियन डॉलर का निवेश करने के लिए उकसाया। इसके अलावा उसने पेशेवर फीस के तौर पर 45 हजार कैनेडियन डॉलर और लिए। इस तरह कुल मिलाकर 2,95,000 कैनेडियन डॉलर की रकम ली गई। यह रकम भारतीय रुपयों में देखा जाए तो उस समय 1.83 करोड़ के लगभग बैठती थी।

आरोपी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता को भरोसा दिलाया था कि इस निवेश से उसे कनाडा का इमिग्रेशन, वर्क परमिट और बिजनेस में मालिकाना हक मिल जाएगा। लेकिन शिकायतकर्ता को कभी भी कंपनी में शेयरहोल्डर या डायरेक्टर के तौर पर शामिल नहीं किया गया था और कंपनी का मालिकाना हक दूसरे लोगों के पास ही रहा। जांच में यह भी सामने आया कि विदेशी बैंक खातों में रकम मिलने के बाद आरोपियों ने कथित तौर पर उस पैसे का इस्तेमाल वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करने के बजाय उसे नकद निकासी, डेबिट लेन-देन और कई खातों के जरिए घुमाकर हड़प लिया।

कनाडा के अधिकारियों द्वारा वीजा आवेदनों को बार-बार खारिज किए जाने के बावजूद आरोपी कथित तौर पर शिकायतकर्ता को झूठे आश्वासन देकर गुमराह करता रहा। उसने वीजा पर पुनर्विचार के लिए अनुरोध दायर करके और प्रक्रिया को जानबूझकर लंबा खींचकर, निवेश की गई रकम को वापस करने से बचने की कोशिश की। आरोपी एमबीए डिग्री धारक है।

## पार्क की रेलिंग में दौड़ रहे करंट ने ली युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पंजाबी बाग थाना क्षेत्र के राजीव गांधी कैंप निवासी 26 वर्षीय एक युवक ने सिविक एजेंसियों की लापरवाही के चलते जान गंवा दी।



मृतक युवक का नाम रोहित बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवा दिया गया है। पुलिस ने इस संबंध में एक केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक अविवाहित और पेशे से मजदूर था। उसकी पश्चिम पंजाबी बाग स्थित एक पार्क की रेलिंग से बिजली का झटका लगने के कारण मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब रोहित पार्क की दीवार पर लगे एक नल से पानी ले रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शख्स ने खाया था जहर, पुलिस नशे में समझ ले गई थाने, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- थाने पहुंचने पर शख्स ने किया था जहर खाने का खुलासा
- इलाज के दौरान डॉक्टरों ने किया मृत घोषित
- ऑनलाइन मंगवाया गया था जहर

रानी बाग थाना क्षेत्र में रविवार को एक शख्स की सल्फास खाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बृजकेश दत्त मिश्रा (34) पुत्र शैलेंद्र मिश्रा निवासी सेक्टर-4, रोहिणी के रूप में हुई है। बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जांच में पता चला कि मिश्रा ने ऑनलाइन ऑर्डर कर जहर मंगवाया था।

पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात नियमित गश्त के दौरान हेड कांस्टेबल रामबीर और कांस्टेबल अमर दीपाली चौक की ओर जाने वाली सड़क पर रामदा होटल के पास मौजूद थे। उसी दौरान एक कार के बाहर खड़े व्यक्ति ने इशारा कर गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को रोका। उसी समय गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को नाइट चेकिंग ऑफिसर द्वारा हाजिरी/चेकिंग के लिए रानी बाग थाने में रिपोर्ट करने का निर्देश भी मिला था।

चूंकि व्यक्ति बहुत ज्यादा नशे में लग रहा था और गाड़ी सुरक्षित रूप से चलाने की स्थिति में नहीं था। इसलिए गश्त कर रहे पुलिसकर्मी उसे थाने ले गये। थाने पहुंचने पर व्यक्ति ने ड्यूटी ऑफिसर को बताया कि उसने सलफास खा लिया है। इसके बाद मेडिकल सहायता का इंतजाम किया गया और व्यक्ति को भगवान महावीर अस्पताल, पीतमपुरा में भर्ती कराया। अस्पताल में व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित की गई। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान क्राइम और एफएसएल टीमों ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। मुआयने के दौरान दो सल्फास के पैकेट, शराब की एक बोतल, मृतक के घर का पता लिखा हुआ एक कूरियर पैकेट जिसमें खाली सल्फास के पैकेट थे और अन्य संबंधित चीजें बरामद की गई। मृतक के पते वाला कूरियर पैकेट प्रथम दृष्टया यह संकेत देता है कि सल्फास नामक पदार्थ का ऑर्डर दिया गया था और उसे उसके आवासीय पते पर ही पहुंचाया गया था।

इसके बाद मृतक के शव को जहांगीर पुरी स्थित बीजेआरएम अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया। शव का पोस्टमार्टम किया गया और संबंधित डॉक्टर द्वारा सौंपे गए विसरा को विधिवत जब्त कर लिया गया है। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में धारा 194 बीएनएसएस के तहत आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## कालका जी मेट्रो स्टेशन का मामला

# मेट्रो लिफ्ट में महिलाओं के सामने बुर्जुग ने किया पेशाब, डीएमआरसी ने लगाया 200 रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो में एक बुर्जग व्यक्ति द्वारा लिफ्ट में महिलाओं के सामने पेशाब करने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। बाकायदा इस मामले पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) एक्ट के तहत आरोपी बुर्जुग व्यक्ति का 200 रुपए का चालान भी काटा गया है।

मामला कालका जी मेट्रो स्टेशन का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में एक युवती मेट्रो के अंदर सामने खड़े बुर्जग व्यक्ति को से कह रही है कि आपने दो अभी मेट्रो लिफ्ट में मेरे व एक अन्य महिला के सामने सू सू (पेशाब) क्यों किया। जवाब में वह बुर्जुग व्यक्ति कह रहा है जो करना है कर लो अब। बताया जा रहा है कि मेट्रो पुलिस ने इसे एक मेडिकल इमरजेंसी मामला बताया है। यह घटना 15 मई 2026 की रात करीब 9:40 बजे की बताई जा रही है।

जांच में पता चला कि बुजुर्ग व्यक्ति जामिया मिलिया इस्लामिया मेट्रो स्टेशन से फरीदाबाद जा रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर मेट्रो कर्मचारियों ने बुजुर्ग पर डीएमआरसी एक्ट सेक्शन 59 के तहत सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने के आरोप में 200 रुपए का जुर्माना वसूला। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो पर लोगों के तरह तरह के कॉमेंट पढ़ने को मिल रहे है। कोई इस मामले को लेकर बुजुर्ग की जमकर खिचाई कर रहा है तो कोई बुर्जुग की मजबूरी करार दे रहा है।

वहीं कुछ ऐसे भी लोग है जो लिख रहे है कि इतनी बड़ी घटना पर महज 200 रुपए जुर्माना लगाना गलत है। क्योंकि इसमें सार्वजनिक स्थल को क्षराब करना ही नहीं बल्कि दो महिलाओं के सामने पेशाब करने जैसा संगीन मामला है। बहरहाल इस वायरल वीडियो पर सोशल मीडिया में जमकर चर्चा हो रही है।

## गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर 32 एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ट्रैफिक पुलिस ने गलत दिशा में ड्राइविंग के खिलाफ शनिवार शाम को एक विशेष अभियान चलाया। शाम 4 बजे से 6 बजे तक विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर एकीकृत चेकिंग पिकेट लगाई गई थी। इस अभियान में कुल 2846 चालान जारी किए गए। इनमें 757 चालान विशेष रूप से गलत दिशा में ड्राइविंग के लिए जारी किए गए।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य उन वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना था जो गलत साइड ड्राइविंग कर रहे थे। यह सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम के प्रमुख कारणों में से एक है। चेकिंग के दौरान, नियम तोड़ने वालों को रोका गया और मोटर वाहन अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत उन पर कानूनी कार्रवाई की गई। चेकिंग टीमों ने शराब पीकर गाड़ी चलाने, खतरनाक ड्राइविंग, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, काली फिल्म का इस्तेमाल करने और गलत पार्किंग जैसे अन्य ट्रैफिक उल्लंघनों पर भी कड़ी नजर रखी। गलत साइड ड्राइविंग और लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों के खिलाफ धारा 281 बीएनएस और धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 32 एफआईआर दर्ज की गई। इन ड्राइवरों ने सड़क उपयोगकर्ताओं के जीवन को खतरे में डाला था। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस सभी यात्रियों से अपील करती है कि वे कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ सहयोग करें और सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित, सुगम और अधिक अनुशासित बनाने में अपना योगदान दें।

### ईंधन बचत के लिए दिल्ली सरकार का नया परामर्श

# निजी क्षेत्र में दो दिन का 'वर्क फ्रॉम होम' ऑफिस समय में बदलाव की दी सलाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ईंधन बचाने के प्रयासों में सहयोग के लिए निजी कंपनियों और प्रतिष्ठानों को दो दिन की 'वर्क-फ्रॉम-होम' नीति अपनाने, कार्यालय के समय में बदलाव करने और कर्मचारियों से 'कार पूलिंग' और सार्वजनिक परिवहन का लाभ उठाने का आग्रह किया है। दिल्ली श्रम विभाग द्वारा जारी परामर्श में अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों, बिजली, पानी, स्वच्छता और संबंधित नगरपालिका सेवाओं जैसी आवश्यक, आपातकालीन सेवाओं में शामिल निजी संस्थाओं को शामिल नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस सप्ताह की शुरुआत में 90-दिवसीय 'मेरा भारत, मेरा योगदान' ईंधन बचत अभियान शुरू किया, जिसमें दिल्ली सरकार के सभी




कर्मचारियों के लिए दो दिन घर से काम करने और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा था कि संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के जवाब में निजी क्षेत्र को भी ईंधन-बचत पहल का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्रम विभाग ने रविवार को जारी परामर्श में कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनज़र पेट्रोल, डीजल और सीएनजी जैसे ईंधनों की बचत करना तथा उनका सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसमें कहा गया है कि राजधानी में रोजाना वाहनों द्वारा होने वाली ईंधन खपत में दफ्तर आने-जाने का बड़ा योगदान होता है।

परामर्श में कहा गया कि 'वर्क-फ्रॉम-होम' व्यवस्था अपनाकर ईंधन की खपत का बड़ा हिस्सा कम किया जा सकता है। कोविड-19 महामारी और चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना

■ श्रम विभाग ने कहा, मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनज़र पेट्रोल, डीजल और सीएनजी जैसे ईंधनों की बचत करना आवश्यक

(ग्रैप) प्रतिबंधों के दौरान इसकी संचालन संबंधी व्यवहार्यता भी साबित हो चुकी है। परामर्श में कहा गया, ''राष्ट्रीय स्तर पर ईंधन बचत के प्रयासों में योगदान देने के लिए दिल्ली के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कारखानों, दुकानों और आईटी और आईटीईएस (आईटी संबद्ध सेवाएं) क्षेत्र समेत वाणिज्यिक संस्थानों के नियोक्ताओं को सप्ताह में कम से कम दो दिन 'वर्क-फ्रॉम-होम' लागू करने के लिए जोरदार तरीके से प्रोत्साहित किया गया है। इस परामर्श में सड़कों पर व्यस्त समय के दौरान वाहनों की भीड़ को कम करने के लिए अलग-अलग कार्य घंटों को लागू करने, कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन, 'कार-पूलिंग' या गैर-मोटर चालित आवागमन के साधनों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी सुझाव दिया गया।

परामर्श में यह भी सलाह दी गई कि यात्रा खर्च घटाने के लिए प्रत्यक्ष बैठकों को डिजिटल या ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाए, गैर-जरूरी यात्राओं में आधिकारिक वाहनों का कम से कम इस्तेमाल हो और निर्बाध 'वर्क-फ्रॉम-होम' व्यवस्था के लिए पर्याप्त आईटी ढांचा उपलब्ध कराया जाए। निजी क्षेत्र को भी आवागमन के विकल्प चुनकर पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खपत को कम करने और घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारतीय निर्मित उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेने की सलाह दी गई है।

## महिलाओं को बिना गारंटी 10 करोड़ का मिलेगा कर्जः रेखा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और सशक्त बनाने के लिए किया जा रहा है काम

दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं की अगुवाई वाले स्टार्टअप और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को 10 करोड़ रुपये तक का बिना गारंटी का कर्ज उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा बनाए गए स्वदेशी उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने के लिए शहर के मॉल और बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में भी विशेष मंच उपलब्ध कराए जाएंगे।

गुप्ता ने बयान में कहा, राजधानी की महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों और स्टार्टअप के लिए 10 करोड़ रुपये तक के बिना किसी गारंटी के ऋण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे कर्ज के लिए दिल्ली सरकार स्वयं गारंटी देगी। उन्होंने रोहिणी में आयोजित दो दिवसीय 'मेगा स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) मेला-2026' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार 'वोकल फॉर लोकल', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'एक जिला, एक उत्पाद' की अवधारणा को बढ़ावा दे रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि एसएचजी मेला महिलाओं द्वारा तैयार स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने और उन्हें व्यापक बाजार से जोड़ने का एक प्रयास है। इस मेले में करीब 24 स्वयं सहायता समूहों ने हिस्सा लिया। मेले में हस्तशिल्प, क्रोशिया कार्य, खादी, घरेलू उत्पाद, खाद्य सामग्री और अन्य हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन और बिक्री की गई।

# दिल्ली सरकार एयरलाइंस और अमीरों को दे रही तोहफा, गरीब टैक्स की मार से बेहाल : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार एयरलाइंस और अमीरों को तोहफा दे रही है। जबकि आम लोगों पर ऐसे टैक्स का बोझ डाल रही है जिन्हें चुकाना उनके लिए मुमकिन नहीं है। यादव ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार अमीर वर्ग के लिए जेट ईंधन पर टैक्स कम करके खुश हो रही है। क्या सीएम रेखा गुप्ता गरीबों को राहत देने के लिए पेट्रोल और डीजल पर भी वैट में कटौती करेंगी, शायद नहीं करेगी। क्योंकि भाजपा को गरीबों से कोई मतलब नहीं है, उन्हें केवल अमीरों को खा करना है। यादव ने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि सीएम रेखा गुप्ता तुरंत पेट्रोल और डीजल पर भी वैट में कटौती करें। उन्होंने कहा कि पहले से ही एयरलाइंस कंपनियां किराए के नाम पर अत्याधिक कीमत वसूल रही है।

ऐसे रेखा सरकार द्वारा वैट कम करने से यह कंपनियां टिकटों की कीमतें भी कम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, दिल्ली की भाजपा सरकार द्वारा एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर वैट 25 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत करने की कड़ी निंदा करती है। क्योंकि भाजपा सरकार ने अमीरों का क्ष्याल



कया है जबकि पेट्रोल और डीजल की आसमान छूती कीमतों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। महंगा पेट्रोल डीजल व सीएनजी गरीबों, मध्यम वर्ग, छोटे ट्रांसपोर्टरों और किसानों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं। यादव ने कहा कि दिल्ली में मौजूदा वैट दरें रेखा सरकार की दोहरी टैक्स नीति को उजागर करती हैं, जो अमीरों के पक्ष में और गरीबों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मौजूदा कीमतों पर, अकेले दिल्ली राज्य का वैट ही पेट्रोल पर लगभग 15–16 प्रति लीटर और डीजल पर 12–13 है। जिससे दिल्ली पिछले कुछ वर्षों से पेट्रोल और डीजल पर वैट से सालाना लगातार लगभग 4,000–4,600 करोड़ की कमाई कर रही है। यादव ने कहा कि जहां दिल्ली का आम नागरिक ईंधन की ऊंची कीमतों से जूझ रहा है—जिसका सीधा असर रोज़ाना के आवागमन, घर के बजट, ऑटो-रिक्शा के किराए और जरूरी सामानों की ढुलाई पर पड़ता है—वहीं दिल्ली की भाजपा सरकार जेट ईंधन पर टैक्स कम करने में व्यस्त रही है, जो कि अमीर वर्ग के प्रति खुला पक्षपात है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर वैट के भारी बोझ को कम करके आम नागरिकों को तत्काल राहत देने के बजाय, रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने विमानन ईंधन पर टैक्स में कटौती करके एयरलाइंस और अमीर वर्ग को टैक्स रियायत देने का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि यह फैसला भाजपा सरकार की गरीब-विरोधी और अमीर-समर्थक मानसिकता को उजागर करता है।

## ट्रांसपोर्टरों की तीन दिवसीय चक्का जाम को कई आटो टैक्सी संगठनों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ट्रांसपोर्टरों की 21-23 मई 2026 तक तीन दिवसीय सांकेतिक चक्का जाम आंदोलन के समर्थन में रविवार को दिल्ली के ऑटो टैक्सी संगठनों ने दक्षिणी दिल्ली स्थित जौनापुर में एक जुट होकर अपना समर्थन दिया। इस बारे राष्ट्रीय ड्राइवर संयुक्त मोर्चा समिति एवं ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि दिल्ली में पहले ईसीसी शुल्क में बेताहाशा बढ़ोत्तरी और अब पेट्रोल, डीजल व सीएनजी की कीमतों में बढ़ोत्तरी ने ट्रांसपोर्टरों की कमर तोड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ी है।

उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरीश सभरवाल ने ईसीसी शुल्क की बढ़ोतरी के खिलाफ 21-23 मई 2026 तक तीन दिवसीय सांकेतिक चक्का जाम की घोषणा कर रखी है। जिसके समर्थन में रविवार को राजधानी के कई




ऑटो टैक्सी संगठनों ने एकजुट होकर अपना समर्थन प्रकट किया है। वर्मा ने कहा कि हम ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन को भरोसा दिलाते है कि अधिकांश ड्राइवर संगठन इस आंदोलन में महत्वपूर्ण एवं मजबूत भूमिका निभाएंगे और चालक समाज की आवाज़ को मजबूती के साथ उठाते रहेंगे।

## डीएमआरसी हर सोमवार चलाएगी छह एक्स्ट्रा मेट्रो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक स्थिति को देखते हुए भारत में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी आदि को कम खर्च करने की कवायद शुरू करने के तहत अब दिल्ली मेट्रो भी खुद को तैयार करने का दावा कर रही है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) का कहना है कि 18 मई 2026 से हर सोमवार को यात्रियों की अनुमानित बड़ी हुई संख्या को देखते हुए 6 एक्स्ट्रा मेट्रो ट्रेन चलाएगी, जिससे 24 अतिरिक्त फेरे (ट्रेन यात्राएं) संचालित होंगी। इसके अलावा अन्य दिनों में जरूरत पड़ने पर भी आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सेवाएं चलाई जाएंगी। चुनिंदा स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। डीएमआरसी का कहना है कि अतिरिक्त यात्री क्षमता की सुचारू संचालन के लिए कई कदम उठाए गए



है। जिनमें अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनात, अतिरिक्त टिकट काउंटरों का संचालन, अतिरिक्त डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर एवं बैगेज स्कैनर सक्रिय करना, फ्रिस्किंग प्वाइंट्स पर प्रतीक्षा समय कम करना, और व्यस्त अवधि के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करना आदि शामिल है। जबकि पहले से देवी बसें, दो हाइड्रोजन बसें आदि सेवा में लगी है।



### *उपराज्यपाल संधू की केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी से मुलाकात, दिल्ली के विकास पर हुई चर्चा*

*नई दिल्ली। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की, जिसे केवल एक शिष्टाचार भेंट बताया गया। जानकारी अनुसार इस बैठक में दिल्ली के विकास कार्यों, शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और राष्ट्रीय राजधानी की प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उपराज्यपाल संधू और केंद्रीय मंत्री पुरी के बीच पीएम नरेंद्र मोदी के विजन विकसित भारत, विकसित दिल्ली को लेकर चर्चा हुई। जिसमें दिल्ली को एक विश्वस्तरीय शहर बनाने और शहरी सेवाओं को अपग्रेड करने की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। शिष्टाचार पूर्ण बैठक का उद्देश्य दिल्ली के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याण की योजनाओं को गति देना था।*

## मकान मालिक को फंसाने के लिए खुद पर गोली चलवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आरोपी किरायेदार समेत तीन गिरफ्तार

उत्तरी जिले की कोतवाली पुलिस और एएटीएस टीम ने मकान मालिक को फंसाने, उससे पैसे वसूली करने और बेदखली में देरी करने के प्रयास में खुद पर जानलेवा हमले का नाटक करने के आरोप में एक किराएदार को उसके दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी की पहचान अविनाश कुमार (42) के रूप में हुई है। इसने अपने साथियों दीपक कुमार और लोकेश दहिया के साथ मिलकर अपनी जांघ में गोली मारने और इस घटना को अज्ञात हमलावरों द्वारा किए गए हमले के रूप में पेश करने की साजिश रची थी।

पुलिस के अनुसार 10 मई को कुमार ने पुलिस को सूचना दी कि एक अज्ञात व्यक्ति चांदनी चौक के कुचा बुलाकी स्थित उसके किराए के मकान में घुस गया और उस पर गोली चलाई। कुमार के दावे के अनुसार दो से तीन गोलियां चलाई गई और एक गोली उसकी दाहिनी जांघ को छूकर निकल गई। घायल का बेटा उसे लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल ले गया। घटनास्थल का मुआयना करने और खून के धब्बे तथा कारतूस के दो खोल बरामद करने के बाद कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने इलाके और आसपास के रास्तों पर लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में पता चला कि कुमार और उसका परिवार किराएदार के रूप में रह रहे थे तथा मकान मालिक द्वारा संपत्ति बेचे जाने के बाद उन्हें कमरा खाली करने के लिए कहा गया था।

जांचकर्ताओं ने पाया कि कुमार ने तीस हजारी अदालत में मालिकों के खिलाफ एक दीवानी मुकदमा भी दायर किया था और संपत्ति खाली करने के बदले वित्तीय समझौते के लिए कथित तौर पर दबाव डालने की साजिश रची थी। कुमार ने सह आरोपी दीपक कुमार और लोकेश दहिया के साथ मिलकर फर्जी गोलीबारी की साजिश रची तथा उसे अंजाम दिया। अपराध में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार दीपक कुमार से बरामद की गई। कुमार की निशानदेही पर एक देसी पिस्तौल, दो मैगजीन और 14 कारतूस भी बरामद किए गये। इसके साथ ही अपराध के दौरान आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए गये हैं।

### न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# भीषण गर्मी से बेहाल हो रही दिल्ली, पारा पहुंचा 43 पार, राहत के लिए अभी करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भीषण गर्मी व लू से दिल्ली बेहाल हो रही है। हालात यह है कि वीकेंड यानी रविवार को राजधानी में सूरज के विरोधी तेवरों के चलते आया नगर में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। जबकि दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान राहत भरा कहा जा सकता है, जो 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस नीचे है।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि अभी राहत मिलने वाली नहीं है। बल्कि 19-20 मई को बेहद गर्म लू को लेकर आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि अधिकतम तापमान 43-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, और लू की मार पड़ेगी। आंकड़ों के अनुसार इस मई के महीने में पहली बार है कि अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इससे पहले 15 मई 2026 को पहली बार अधिकतम तापमान चढ़कर 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था जो सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक रहा।

आईएमडी की माने तो सोमवार से अगले चार पांच दिन भीषण गर्मी से राहत मिलनी मुश्किल नजर आ रही है। वहीं निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली में जल्द ही तापमान 43 डिग्री पार कर सकता है। मई महीने में दिल्ली का तापमान 40 डिग्री पार करना सामान्य माना जाता है। जबकि साल 2010 के बाद से सफदरजंग केंद्र पर मई महीने का सबसे कम अधिकतम तापमान 2021 में 41.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इस साल मई का आधा महीना गुजरने के बाद अब जाकर तापमान 40-41 डिग्री पार तक पहुंचा है। अब इस सप्ताह के पहले हिस्से में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। अगर पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो मई 2010 के बाद दिल्ली में 8 बार तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर पुलिस ने पाइपलाइन रोड पर छह लाख रुपए की लूट करने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए। डीसीपी ग्रामीण एस एन तिवारी ने बताया कि खुर्रमपुर रोड पर पुलिस के द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक बाइक पर सवार संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए।



### 29 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार प्रभावी कार्रवाही की जा रही है। 9 से 15 मई के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने 29 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 11,40,000 रुपए बरामद किये हैं। साइबर थानों की टीम ने 8 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 29 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।



### 54वें रक्तदान शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए शहीद भगत सिंह सेवा सदन द्वारा 54वें रक्तदान शिविर का आयोजन एक नंबर स्थित संत भगत सिंह चैरिटेबल हॉस्पिटल ब्लड बैंक सेंटर में किया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, समाजसेवियों एवं रक्तवीरों ने भाग लेकर रक्तदान किया। शिविर के दौरान 40 से अधिक रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता का संकल्प लिया। शहीद भगत सिंह सेवा सदन के अध्यक्ष सलीम अहमदमहा सचिव सुनील जुनेजा आदि।



## विधायक धनेश अदलक्खा ने किया लखानी आयुष्मान फैक्ट्री आउटलेट का शुभारंभ

# फरीदाबाद लगातार व्यापार, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा हैः विधायक अदलक्खा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एन.एच.2 स्थित एम ब्लॉक में आज क्षेत्र के लिए एक और महत्वपूर्ण व्यावसायिक उपलब्धि जुड़ गई, जब बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलक्खा ने लखानी आयुष्मान के नए फैक्ट्री आउटलेट का विधिवत रिबन काटकर शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्साह और खुशी से भरा रहा। इस मौके पर आऊटलेट के प्रबंधक सुदर बजाज ने विधायक धनेश अदलक्खा व आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक धनेश अदलक्खा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फरीदाबाद लगातार व्यापार, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र की आर्थिक मजबूती वहां के स्थानीय व्यापार और उद्योगों से तय होती है तथा इस प्रकार के नए प्रतिष्ठानों के खुलने से न केवल व्यापार को गति मिलती है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होते हैं। उन्होंने लखानी आयुष्मान परिवार को इस नई शुरुआत के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आउटलेट निश्चित रूप से क्षेत्रवासियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों और उद्योगपतियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार कार्य कर रही है ताकि फरीदाबाद जैसे औद्योगिक शहरों का विकास और अधिक तेज गति से हो सके। नए प्रतिष्ठानों का खुलना शहर की आर्थिक प्रगति का संकेत है और इससे क्षेत्र की पहचान और मजबूत होती है। कार्यक्रम में वार्ड की पार्षद एवं पूर्व मेयर सुमन बाला भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों का बढ़ना बेहद सकारात्मक संकेत है।



### समारोह में अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत

उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों का फूलमालाओं एवं बुके भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने नए आउटलेट का अवलोकन किया और प्रतिष्ठान की आधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना की। स्थानीय लोगों ने भी इस नई शुरुआत को क्षेत्र के विकास के लिए लाभकारी बताया।

## सेक्टर-8 में बनेगा मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल, मुख्यमंत्री से मिली मंजूरी

# फरीदाबाद के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

1 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से नई ड्रेनेज लाइन डालने का कार्य शुरू

सेक्टर-7, 8 और 10 के चौक पर सड़क चौड़ीकरण के कार्य में तेजी

हरियाणा सरकार में राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने सेक्टर-7 स्थित जनकल्याण मंदिर में विभिन्न विकास कार्यो का नारियल तोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस विकास कार्यो पर लगभग पौने दो करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। इस मौके पर अजीत नम्बरदार, रूमा नम्बरदार ने मंत्री विपुल गोयल का स्मृति चिन्ह व बुक्के भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद मुकेश अग्रवाल, सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी, अजीत नम्बरदार, रूमा नम्बरदार,एडवोकेट एन.के. गर्ग, भाजपा नेता विष्णु गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार फरीदाबाद के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सेक्टर-7, 8, 9, 10 एवं आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-7 फरीदाबाद का सबसे पुराना सेक्टर है और वर्षों से यहां जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई थी। इस समस्या को दूर करने के लिए पहले भी ड्रेनेज लाइन डालकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई थी और अब लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से नई ड्रेनेज लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया है ताकि आने वाले बारिश के मौसम में क्षेत्र में पानी जमा न हो और लोगों को स्थायी राहत मिल सके। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सेक्टर-7, 8 और 10 के चौक पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। यहां लगातार बढ़ते ट्रैफिक के कारण लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता था।

### मार्केट को आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा



कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि सेक्टर-7 मार्केट के रिवैंपिंग का कार्य भी जल्द शुरू होने जा रहा है। लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से पूरी मार्केट को आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। इसके तहत सड़कें, पार्किंग, ड्रेनेज, लाइटिंग और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद के सभी हुड्डा सेक्टरों की मार्केटों के लिए एस्टीमेट और टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा कई जगह कार्य शुरू भी हो चुका है। सरकार का लक्ष्य शहर की सभी मार्केटों को आधुनिक और व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने सेक्टर-7 की मार्केट में बढ़ते अतिक्रमण पर चिंता जताते हुए कहा कि हाई कोर्ट के आदेशों के अनुसार अवैध कब्जों को हटाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे स्वयं आगे बढ़कर सडक़ और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाएं ताकि प्रशासनिक कार्रवाई की नौबत न आए।

### 4 करोड़ रुपए का एस्टीमेट पास कराकर कार्य शुरू

इस समस्या को देखते हुए लगभग 7 से 8 लाख रुपये की लागत से रोड वाइडनिंग का कार्य कराया जा रहा है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार केवल मूलभूत सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं और बच्चों के खेल एवं भविष्य को लेकर भी गंभीर है। इसी दिशा में सेक्टर-7 के स्कूल परिसर में हॉकी प्रैक्टिस पिच बनाने की लंबे समय से चली आ रही मांग को भी पूरा किया जा रहा है। इसके लिए लगभग 4 करोड़ रुपए का एस्टीमेट पास कराकर कार्य शुरू कराया गया है ताकि स्थानीय बच्चों को घर के पास ही खेल प्रशिक्षण की सुविधा मिल सके।

## बच्चों ने पेश की मां नामक लघु नाटिका

# चार दिवसीय विद्यार्थी उज्जवल भविष्य शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद। भांखरी स्थित संत श्री आशाराम जी बापू आश्रम में विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य शिविर का रविवार को अंतिम दिन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में फरीदाबाद वार्ड नंबर 1 पाली से जिला पार्षद हरिंद्र भड़ाना, नीमका जेल के अधिकारी नरेश गोयल एवं रेवाड़ी से महावीर गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । आज का मुख्य आकर्षण विभिन्न विभिन्न शहरों से आए हुए बच्चों द्वारा अलग अलग लघु नाटिकाएं प्रस्तुत करना रहा। जिनमें मुख्य रुप से आगरा गुरुकुल के छात्रों द्वारा संत श्री लीला शाह जी महाराज के जीवन पर आधारित सच्ची घटना का चित्रण पेश किया गया, दिल्ली बाल संस्कार के बच्चों द्वारा पेश की गई मां नामक लघु नाटिका ने सभी को भाव-विभोर कर दिया । बच्चों को संबोधित करते हुए नरेश गोयल ने कहा कि ये बच्चे हो भारत का भविष्य हैं और संत श्री आशाराम जी बापू जी द्वारा प्रेरित इस विद्यार्थी उज्जवल भविष्य शिविर में अच्छे संस्कारों द्वारा इन बच्चों के उज्जवल जीवन निर्माण में मदद मिल रही है। जिला पार्षद हरेंद्र भड़ाना ने अगर गुरुकुल की नाटिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा तो सभी स्कूलों में मिल जाती है परंतु गुरुकुल में शिक्षा के अलावा आध्यात्मिकता, योग, संस्कारों द्वारा विद्यार्थियों के उत्तम जीवन का निर्माण होता है। इसके पश्चात नरेश गोयल, हरेंद्र भड़ाना एवं महावीर गोयल द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

आश्रम संचालक रामा भाई ने बच्चों से कहा कि शिविर संपन्न होने का एवं अपने घरों को जाने का समय हो रहा तो आप सब को कैसा लगा रहा है। बच्चों ने भावुक होकर कहा यहां पर बिताया गया हर पल हमेशा याद रहेगा और अगले वर्ष भी हम सभी अवश्य आएंगे।

## मानव अधिकार मिशन की महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न

# जागरूकता ब्रोशर का भव्य विमोचन संगठन विस्तार एवं जन-जागरूकता अभियान को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद स्थित मानव अधिकार मिशन के कैंप कार्यालय में आज संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय विस्तार, जन-जागरूकता अभियान, सदस्यता वृद्धि तथा आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई।



इस अवसर पर संगठन द्वारा तैयार किए गए विशेष जागरूकता ब्रोशर मानव अधिकार मिशन से क्यों जुड़े का विधिवत विमोचन भी किया गया। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए कहा कि मानव अधिकार मिशन निरंतर न्याय, समानता, सामाजिक सुरक्षा एवं मानव अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जनहितकारी बनाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और संगठन समाज के हर वर्ग तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं राष्ट्रीय महासचिव संजीव खत्री ने युवाओं एवं समाजसेवियों से अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुडक़र सामाजिक परिवर्तन की इस मुहिम का हिस्सा बनने का आह्वान किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम.एस. जन्मेदा, शिक्षाविद् भारत भूषण शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विजय जोशी, राष्ट्रीय विधि सचिव राजेश खटाना, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुनील जांगड़ा सहित अन्य राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में स्कूल का नाम रोशन किया

# अरावली इंटरनेशनल स्कूल के छात्र केशव अत्री ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अरावली इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 85 के होनहार छात्र केशव अत्री ने 12वीं कक्षा के कॉमर्स में 99.2 अंक प्राप्त करके स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है।

अत्री ने पहले भी दसवीं व 11वीं में स्कूल का नाम रोशन किया था। स्कूल के चेयरमैन हर्ष भड़ाना व प्रिंसीपल रूबी तनेजा ने केशव अत्री सहित सभी उन छात्रों को बधाई दी है जिन्होंने 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र स्कूल का तो नाम रोशन करते ही हैं बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह छात्र आने वाले समय में अच्छे-अच्छे पदों पर जाकर देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इसी स्कूल की छात्रा रिसीमा दुआ ने कॉमर्स में 97.2, अभिनव योगा ने 97.2, दिव्यांश श्रीवास्तव ने 97.2, दीया अबरोल ने 96.5, सिद्धार्थ शर्मा 96.5, दिव्यांका ग्रेवाल 96.2, जिया अग्रवाल ने 96 प्रतिशत, अविश्का सहाय 96. मनप्रीत कौर ने 95.4, मनवी पाहवा 95, वासु वरदान 95.5, जसमीता दास 95, शानवी मिश्रा 95 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है।



ग्रेटर फरीदाबाद की बीपीटीपी ईलाईट प्रीमियम सोसायटी में रहने वाले केशव अत्री ने अपनी इस उपलब्धि में अपने पिता सुधीर शर्मा, अपनी माता सीमा शर्मा और अपने भाई निहाल अत्री का का सहयोग बताया हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के अध्यापक व प्रिंसिपल का तो मार्गदर्शन व उनकी इस पढ़ाई में सहयोग तो है कि ही मगर उनके माता-पिता उनके भाई का भी उनका मोरल बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान है।

वह चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहते हैं और इसको लेकर आगे भी मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर लगन से पढ़ाई की जाए और उसको समझा जाए तो कामयाबी जरूर मिलती है, वह सुबह उठते थे और स्कूल जाने के बाद जब भी समय लगता था वह पढ़ाई में ध्यान देते थे और जो समझ में नहीं आता था वह अपने अध्यापकों से पूछते थे। पहले वह प्रश्न को समझते थे कि वह क्या प्रश्न है और उसका क्या जवाब देना है उसके बाद ही उसे प्रश्न को वह लिखते थे इसलिए उनको इस तरह की कामयाबी मिली है।

### गुरु चरणों में टेका मत्था, मिला उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद



डबुआ कॉलोनी प्रकाश बाल भारती पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा हिमांशी कौशिक ने सीबीएसई 12वीं कॉमर्स में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद हिमांशी ने अपने माता-पिता दुर्वेश कौशिक व भारती कौशिक के साथ श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम, श्री सिद्धदाता आश्रम पहुंचकर अनंत श्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर, श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी ने हिमांशी को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया और उसकी मेहनत को सराहा। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और गुरु-कृपा से ही ऐसी सफलता संभव होती है। बेटियां आज हर क्षेत्र में देश का नाम ऊंचा कर रही हैं। हिमांशी की यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। हिमांशी को इस बड़ी सफलता और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए ढेरों बधाई।

## पहली कोरोना संक्रमित नर्स ने साझा किए कोविड काल के अनुभव

# सेवा का जज्बा हो तभी नर्सिंग में आएंः कोरोना योद्धा नर्सिंग पूनम सहराय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सिविल अस्पताल गुरुग्राम की नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय ने युवा नर्सों को संदेश दिया है कि नर्सिंग को सिर्फ पेशा न मानें, यह दिल से की जाने वाली सेवा है। कोरोना की पहली लहर में संक्रमित होने वाली अस्पताल की पहली नर्सिंग ऑफिसर पूनम ने कोविड काल के डरावने हालात और ड्यूटी के जज्बे को साझा किया।

पूनम सहराय ने बताया कि 2020 में जब कोरोना की पहली लहर आई थी, तब हालात बेहद डरावने थे। बीमारी नई थी, इलाज का प्रोटोकॉल तय नहीं था। पीपीई किट, मास्क और ग्लव्स पहनकर आठ से अधिक घंटे लगातार ड्यूटी करना आसान नहीं था। मरीजों के साथ-साथ स्टाफ में भी डर था। लेकिन हमने तय किया कि डर को सेवा के आड़े नहीं आने देंगे।



### संक्रमित होकर भी बढ़ाई दूसरों की हिम्मत

ड्यूटी के दौरान ही पूनम कोरोना संक्रमित हो गईं। अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर वे श्वस्द्ध अस्पताल में उपचाराधीन थीं। वहां भर्ती अन्य युवा नर्सिंग ऑफिसर्स की उन्होंने हिम्मत बढ़ाई और काम के प्रति डटे रहने को प्रेरित किया। आइसोलेशन के बाद रिपोर्ट निगेटिव आते ही वे फिर से ड्यूटी पर लौट आईं। अस्पताल स्टाफ और पड़ोसियों ने उनका स्वागत किया।

### नर्सिंग सिर्फ इंजेक्शन-दवा तक सीमित नहीं

पूनम का मानना है कि मरीज अस्पताल में शारीरिक रूप से बीमार होने के साथ मानसिक रूप से भी टूटा होता है। उस समय नर्सिंग स्टाफ के दो शब्द और देखभाल उसे आधी दवा का काम करते हैं। यही सेवा का असली मतलब है। मरीज की दुआ ही हमारी सबसे बड़ी सैलरी है।

### त्योहार-छुट्टी छोड़कर करनी पड़ती है सेवा

नए नर्सिंग छात्रों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रोफेशन में शिफ्ट तो खत्म होती है, लेकिन जिम्मेदारी नहीं। रात-बेरात, त्योहार, छुट्टी सब छोडक़र मरीज की सेवा करनी पड़ती है। अगर आपके अंदर सेवा का जज्बा है तभी इस क्षेत्र में आएं। जब कोई मरीज ठीक होकर मुस्कुराते हुए घर जाता है तो हमें भी संतुष्टि मिलती है।

### परिवार का सहयोग बना ताकत

पूनम ने कहा कि कोरोना काल में पति और बच्चों का सहयोग बड़ी ताकत था। उन्होंने कभी शिकायत नहीं की कि मैं घर पर समय नहीं दे पाती। हमारा फोकस 100 फीसदी काम पर होना चाहिए। छोटी सी लापरवाही भी किसी की जान पर भारी पड़ सकती है।नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय आज भी उसी जज्बे के साथ सिविल अस्पताल गुरुग्राम में सेवाएं दे रही हैं। कोविड के बाद उन्होंने टीकाकरण अभियान में भी पूरी निष्ठा से काम किया।

## शिविर में 80 से अधिक कर्मचारियों ने लिया भाग

# डाक विभाग गुरुग्राम में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, कर्मचारियों ने किया जुम्बा डांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दुर्गेश चुग रूट्स फाउंडेशन के सेहतगिरी कार्यक्रम के तहत भारतीय डाक विभाग गुरुग्राम में स्वास्थ्य जांच शिविर और जुम्बा डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सीएसआर परियोजना एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा संचालित है।

शिविर में 80 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर में कर्मचारियों का बीपी, शुगर, एसपीओ2 और वजन की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ कर्मचारियों में उच्च रक्तचाप और शुगर की समस्या पाई गई।

कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए गए, जिनमें उनके स्वास्थ्य संबंधी पैरामीटर दर्ज थे। स्वास्थ्य जांच के बाद जुम्बा डांस सत्र का आयोजन किया गया। कर्मचारियों ने उत्साह से हिस्सा लिया और खुद को तनावमुक्त महसूस किया। जुम्बा ट्रेनर रोशन ने अपनी ऊर्जा से सभी को प्रेरित किया। गतिविधि के जरिए कर्मचारियों ने नियमित शारीरिक गतिविधि का महत्व समझा।



आयोजकों ने बताया कि डाक विभाग के कर्मचारियों, खासकर पोस्टमैन पर काम का दबाव ज्यादा रहता है। इस कारण वे अक्सर अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते। इसी को देखते हुए यह शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सीनियर पोस्ट मास्टर डॉ. के. एस. झाझोलिया और एपीएम संजीव निगम का विशेष सहयोग रहा। रूट्स फाउंडेशन की टीम से शबनम यादव, कुसुम कुमार, रूना और प्रदीप ने शिविर को सफलतापूर्वक आयोजित किया।

## खबर संक्षेप

### ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं, सम्मानित करें

**लखनऊ।** अनुदेशक सम्मान समारोह एवं चेक वितरण कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि हमें बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कहा कि 'मैं मीडिया के मित्रों से कहूंगा कि जब बच्चे कहीं श्रमदान करते हैं तो कहते हैं कि देखो बच्चों से काम कराया जा रहा है। मैं बेसिक शिक्षा परिषद से कहूंगा कि ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं , बल्कि उन्हें बुलाकर सम्मानित करें।



### पुलिस-पब्लिक भिडंत थानेदार समेत 6 जख्मी

**सीवान।** बिहार के सीवान में एक वृद्ध महिला की मौत के बाद जांच करने गई पुलिस के साथ ग्रामीणों व पुलिस में झड़प हो गई। थानेदार समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में दो पुलिसकर्मी और चार सिपाहियों में एक महिला सिपाही भी शामिल हैं। नाराज ग्रामीणों ने पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ जमकर हंगामा भी किया।



### झारखंड में आज से 6 दिन तक होगी बारिश

**रांची।** झारखंड में कल से मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग ने 18 मई से 23 मई तक राज्य में बारिश होने की संभावना जताया है। दो दिन के लिए 11 जिलों के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। जबकि बाकी इलाकों के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग ने रविवार को झारखंड के कई इलाकों में 18 मई से शुरू होकर छह दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है।



## बिहार के राजगीर में आस्था का महासंगम शुरू

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया कष्ट दूर करने वाले मलमास मेले का शुभारंभ ,15 जून तक 22 कुंड व 52 धाराओं में श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी

एजेंसी ▶▶ नालंदा

नालंदा जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक नगरी राजगीर में रविवार को आस्था और श्रद्धा के महापर्व मलमास मेला का भव्य शुभारंभ हुआ। ब्रह्मकुंड परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और ध्वजारोहण के साथ मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। उद्घाटन समारोह में कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद सम्राट चौधरी ने ब्रह्मकुंड एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डिप्टी सीएम विजय चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

*एक महीने तक चलेगा यह धार्मिक मेला, 15 जून तक*

*राजगीर मेले में तीन शाही स्नान का है विशेष महत्व*

### उद्घाटन के बाद किया निरीक्षण



निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम और अन्य वीआईपी वापस रवाना हो गए। करीब एक महीने तक चलने वाला यह धार्मिक मेला 15 जून तक आयोजित होगा। इस दौरान राजगीर के पवित्र गर्म जल के 22 कुंड और 52 धाराओं में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। मेले में तीन शाही स्नान का भी विशेष महत्व बताया गया है। मलमास मेले में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। नेपाल और श्रीलंका समेत विभिन्न देशों से साधु-संत, ऋषि-मुनि और धर्माचार्य भी इस आध्यात्मिक आयोजन में शामिल हो रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, राजगीर के पवित्र कुंडों में स्नान करने से मनुष्य के पाप और कष्ट दूर हो जाते हैं तथा जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति होती है।

### देश-विदेश से श्रद्धालुओं के आने का सलिसिला शुरू

यही कारण है कि मलमास मेले को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मेला का आयोजन पर्यटन विभाग और नालंदा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, साफ-सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मौके पर डीएम कुंदन कुमार,एसपी भारत सोनी मौजूद रहे।

## लखनऊ में कोर्ट के बाहर बवाल

# 240 अवैध चैंबरों पर गरजा बुलडोजर, प्रदर्शन कर रहे वकीलों पर पुलिस ने बरसाईं लाठियां

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह वकीलों और पुलिसकर्मियों में भिड़ंत हो गई। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम और जिला प्रशासन की टीमें कैसरबाग स्थित कचहरी के आसपास वकीलों के अवैध चैंबरों पर कार्रवाई करने पहुंचीं। बुलडोजर के जरिये अतिक्रमण को हटा दिया गया। इस दौरान वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने लाठियों बरसाकर उनको तितर-बितर किया।

हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य भवन और कचहरी के आसपास बने वकीलों के 240 अवैध चैंबर तोड़ने का आदेश दिया था। इसके बाद नगर निगम ने नोटिस चस्पा किए थे। वकीलों को खुद अवैध चैंबर हटाने के लिए समय दिया गया था। वक्त पूरा होने के बाद भी जब अवैध चैंबर नहीं हटे तब इसे बुलडोजर चलाकर ढहा दिया गया। वकीलों के हंगामे की आशंका को देखते हुए पीएसी तैनात की गई थी।

वकीलों ने कहा-इस कार्रवाई के खिलाफ आगे भी आवाज उठाएंगे | अधिकारियों ने कहा- कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई हो रही है

### वकीलों ने 'गो बैक' और 'मुर्दाबाद' के नारे लगाए



नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य भवन चौराहे से चकबस्त चौराहे की सड़क पर, सदर तहसील और निबंधन कार्यालय, रेजिडेंसी से सीएमओ, स्वास्थ्य भवन से जिला सत्र न्यायालय की ओर सड़क पर अवैध चैंबर बनाए गए हैं। नगर निगम की टीम ने जब कार्रवाई शुरू की तो वकील विरोध जताने लगे। उन्होंने गो बैक और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

### वकीलों ने कहा-बगैर विकल्प के कामकाज पर पड़ेगा असर

प्रदर्शनकारी वकीलों का कहना है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उनके चैंबर हटाने से उनके कामकाज पर सीधा असर पड़ेगा और उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



### नगर निगम को लंबे समय से मिल रही थीं शिकायतें

नगर निगम को कोर्ट परिसर के आसपास लंबे समय से अवैध कब्जों की शिकायत मिल रही थी। इनकी वजह से सड़कें संकरी हो गई थीं और आवागमन में दिक्कत होती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि सभी अवैध कब्जों को हटाने तक अभियान जारी रहेगा। इस मामले को लेकर डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित का कहना है कि सभी को नोटिस दिया जा चुका है। कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई हो रही है. विरोध ऐसे कामों में होता है. ऐसी कार्रवाई के लिए हम तैयार हैं।

## बीमारों से सीएम योगी का वादा

# जनता दर्शन में आश्वस्त किया पैसे के अभाव में इलाज नहीं रुकेगा



एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार की प्रतिबद्धता है।

मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

### 150 लोगों की समस्याएं सुनीं

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में एक महिला ने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति का जिक्र कर बिटिया के विवाह में सहायता देने का अनुरोध किया। सीएम योगी ने जब महिला को प्रति जोड़ा एक लाख रुपए आवंटन वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में बताया तो वह खुश हो गई। महिला ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि योजना का लाभ बिटिया

## पेज एक का शेष

### बहुत बड़ा हादसा टला...

गया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**दिल्ली-मुंबई रेल यातायात प्रभावित :** हादसे के कारण दिल्ली-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर रोकी गईं और कुछ के रूट बदले गए। रेलवे की टीमें ट्रैक बहाली और सामान्य परिचालन शुरू करने में जुटी रहीं।

**राहत दल की गाड़ी भी हादसे का शिकार :** घटना स्थल की ओर जा रही रेलवे राहत टीम की एक गाड़ी भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया गया है कि वाहन खाई में पलट गया, जिसमें कई रेलवे कर्मचारी घायल हो गए। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**राजधानी एक्सप्रेस भारतीय रेलवे की प्रीमियम सेवा :** राजधानी एक्सप्रेस देश की सबसे प्रीमियम और हाई-प्रायोरिटी ट्रेनों में मानी जाती है। तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस दक्षिण भारत को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ने वाली प्रमुख ट्रेनों में शामिल है। ट्रेन हमेशा यात्रियों से फुल रहती है।

### शॉर्ट सर्किट की...

के बाद भारतीय रेलवे के सभी कोचों और फायर सेफ्टी सिस्टम का विशेष ऑडिट शुरू करने का फैसला लिया है। इसमें कोचों में लगे अग्नि सुरक्षा उपकरण, वायरिंग सिस्टम और ड्राइवर अलर्ट मैकेनिज्म की जांच की जाएगी।

### आतंकवाद व वैश्विक...

है। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही और वैश्विक व्यापार को बिना रुकावट जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने किसी भी तरह के प्रतिबंधात्मक कदम का विरोध किया। दरअसल, दुनिया की करीब 20% ऊर्जा सप्लाई इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद यहां तनाव काफी बढ़ गया है। प्रधानमंत्री मोदी और रॉब जेटन ने यूक्रेन-रूस युद्ध और क्षेत्रीय सुरक्षा हालात पर भी चर्चा की।

### आतंकवाद के खिलाफ...

साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन डेवलपमेंट रोडमैप भी शुरू किया गया। दोनों देशों ने रक्षा उपकरणों के संयुक्त निर्माण, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और जॉइंट वेंचर पर भी साथ काम करने पर सहमति जताई। नीदरलैंड यूरोप में भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच व्यापार 27.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वहीं, नीदरलैंड भारत में चौथा सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। रॉटरडैम पोर्ट के जरिए नीदरलैंड भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोप का अहम प्रवेश द्वार भी माना जाता है। दोनों देशों के बीच माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौता भी हुआ है. इससे भारतीय छात्रों और प्रोफेशनल्स के लिए नीदरलैंड में नौकरी और पढ़ाई के ज्यादा अवसर खुल सकते हैं। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने पर जोर दिया और दोहरे मापदंडों का विरोध किया।

### नीदरलैंड से सीखने...

के इस आधुनिक तकनीक को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सिंचाई व्यवस्था को मजबूत किया जा सके, बाढ़ से सुरक्षा सुनिश्चित हो और इनलैंड वाटर नेटवर्क का विस्तार किया जा सके।भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफ्सलाउटडाइक डैम सिर्फ एक इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि इनोवेशन और विजन का प्रतीक है। यह बांध समुद्री जल को नियंत्रित करने, बाढ़ से बचाव करने और मीठे पानी के भंडारण में अहम भूमिका निभाता है। : मंत्रालय ने कहा कि इस दौरे के दौरान गुजरात के महत्वाकांक्षी कल्पसर प्रोजेक्ट पर भी चर्चा हुई। इस परियोजना का उद्देश्य खंभात की खाड़ी के पास एक विशाल मीठे पानी का जलाशय और बांध बनाना है, जिससे सिंचाई, पेयजल और ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

### स्वीडन पहुंचे पीएम मोदी...

बीच वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार 7.75 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं 2000 से 2025 के बीच स्वीडन ने भारत में 2.8 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। दोनों देशों के संबंधों को वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री मोदी की स्वीडन यात्रा के दौरान नई मजबूती मिली थी, जब 'सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए ज्वाइंट इनोवेशन पार्टनरशिप' शुरू की गई थी। इंडिया-स्वीडन बिजनेस काउंसिल के सीईओ ने कहा कि स्वीडन में भारतीय प्रधानमंत्री की दूसरी यात्रा को लेकर काफी उत्साह है और कारोबारी समुदाय को इस दौरे से बड़े परिणामों की उम्मीद है।

**नीदरलैंड के साथ रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई :** इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने यूरोप दौरे के दूसरे चरण में नीदरलैंड का दौरा किया, जहां भारत और नीदरलैंड ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देते हुए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री के बीच हुई वार्ता में रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में तनाव का असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार नेटवर्क पर पड़ रहा है। दोनों देशों ने होरमुज जलडमरूमध्य के जरिए निर्बाध व्यापार और नौवहन की स्वतंत्रता का समर्थन किया तथा किसी भी प्रकार के प्रतिबंधात्मक कदमों का विरोध किया। यूक्रेन-रूस संघर्ष पर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों के आधार पर संवाद और कूटनीति के जरिए स्थायी और न्यायसंगत शांति की दिशा में प्रयास जारी रखने पर सहमति जताई। भारत और नीदरलैंड ने रक्षा उपकरणों और प्रणालियों के संयुक्त निर्माण के लिए रक्षा औद्योगिक रोडमैप तैयार करने की संभावनाओं पर भी सहमति व्यक्त की। इसके साथ ही दोनों देशों ने ग्रीन हाइड्रोजन विकास के लिए महत्वाकांक्षी "इंडिया-नीदरलैंड रोडमैप" भी लॉन्च किया।

### मंदिर में सूर्योदय से ही...

**दिग्विजय बोले- पूजा होगी या इबादत सुप्रीम कोर्ट करेगा फैसला :** ग्वालियर पहुंचे राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि भोजशाला एक एएसआई (एएसआई) संरक्षित स्मारक है, इसलिए वहां पूजा होगी या इबादत, यह तय करने का अधिकार सिर्फ कोर्ट के पास है और इसका अंतिम फैसला सुप्रीम कोर्ट ही करेगा।

### अब अत्याधुनिक...

जा रही है। इससे सैंपल परीक्षण की प्रक्रिया तेज होगी, लॉजिस्टिक लागत घटेगी और उत्तर भारत के फुटवियर उद्योग को परीक्षण सुविधाओं तक आसान पहुंच मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे छोटे और मध्यम उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करने में मदद मिलेगी, जिससे निर्यात को भी बढ़ावा मिल सकता है।

**'मेक इन इंडिया' और 'विकसित भारत' को मजबूती :** मंत्रालय ने कहा कि यह पहल 'विकसित भारत' के विजन और अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप है। इससे विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा और भारतीय फुटवियर उद्योग के लिए मजबूत गुणवत्ता आश्वासन तंत्र विकसित होगा।

### सीबीएसई की ऑनस्क्रीन...

बनी है। सचिव ने स्पष्ट किया कि ओएसएम कोई नई व्यवस्था नहीं है। इसे पहली बार वर्ष 2014 में लागू किया गया था और कई विश्वविद्यालयों तथा अंतरराष्ट्रीय बोर्डों में इसका उपयोग पहले से हो रहा है।

### "बार-बार पेपर लीक...

पेपर लीक क्यों हो रहे हैं, "परीक्षा पे चर्चा" पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं और लगातार विफल हो रहे शिक्षा मंत्री को अब तक बर्खास्त क्यों नहीं किया गया ?कांग्रेस नेता ने अपने पोस्ट में "सैक-प्रधान" हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को हटाने की मांग भी की।

### कनकई नदी में बह गईं 12 साल की तमन्ना, 13 की सबा नाज



**अररिया।** बिहार के अररिया के जोकीहाट थाना क्षेत्र के हरदार पंचायत स्थित चमनपुर वार्ड संख्या 11 के पास शनिवार की शाम कनकई नदी में डूबने से दो किशोरियों की दर्दनाक मौत हो गई। एक का शव शनिवार की देर रात और दूसरा शव रविवार दोपहर बरामद हुआ। कनकई नदी किनारे घास काटने दोनो किशोरी गई थी। पैर फिसलने के कारण यह हादसा हुआ। इस हादसे से दोनों बच्चियों के परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतकों में हरदार पंचायत स्थित चमनपुर वार्ड संख्या 11 निवासी वदूद की पुत्री तमन्ना (12 वर्ष) और मोहम्मद बबलू की बेटी सबा नाज (13 वर्ष) शामिल हैं। घटना के बाद जहां मृतका के घरों में कोहराम मचा है वहीं चमनपुर गांव में मातम पसरा है।

## दोनों परिवारों ने मिलकर शादी तय की थी

# लाश की मांग में सिंदूर भरा, अंतिम संस्कार से पहले शादी की रस्में निभाई, फिर गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ गिरिडीह

झारखंड में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक लड़की की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक ने अंतिम संस्कार से पहले लड़की की लाश की मांग में सिंदूर भरा और शादी की रस्में निभाईं। दोनों के परिवारों ने उनकी शादी तय कर दी थी। सगाई के बाद लड़की अपने होने वाले पति के साथ रह रही थी।

झारखंड के गिरिडीह जिले में एक युवती की संदिग्ध मौत के मामले ने उस समय एक अजीब मोड़ ले लिया, जब उसकी कथित हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक ने उसकी चिता को अग्नि देने से पहले उसके शव के साथ प्रतीकात्मक रूप से शादी की रस्में निभाईं। दोनों के परिवारों ने लगभग चार महीने पहले ही उनकी शादी तय कर दी थी।



### सगाई के बाद साथ रह रहा था

सगाई हो जाने के बाद आरोपी मनीष मुर्मू अपनी मंगेतर को अपने साथ रहने के लिए अपने घर ले आया। लड़की के परिवार का आरोप है कि शादी के बहाने उसे जबरदस्ती आरोपी के घर में तब तक रोककर रखा गया, जब तक कि उसकी तबीयत बिगड़ नहीं गई और आखिरकार उसकी मौत हो गई। महिला के पिता की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। रिपोर्टों के अनुसार, मनीष और शिकायतकर्ता की बेटी पिछले चार महीनों से साथ रह रहे थे। जब लड़की के माता-पिता ने कथित तौर पर दूल्हे वालों पर शादी करने का दबाव डाला तो शुक्रवार सुबह उन्हें बताया गया कि उनकी बेटी की तबीयत खराब है। यह सुनते ही वे मनीष के घर पहुंचे और अपनी बेटी को तुरंत एक सरकारी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## तबादलों पर बढ़ी कर्मचारियों की बेचैनी

# योगी सरकार 2.0 में मंत्रिमंडल विस्तार के सप्ताह भर बाद भी नहीं बंटे विभाग

## कुछ के पोर्टफोलियों मे हो सकता है बदलाव

एजेंसी ▶▶ लखनऊ


योगी सरकार-2.0 के मंत्रिमंडल विस्तार के 6 दिन बाद भी मंत्रियों को विभाग नहीं मिले हैं। इससे कयास बढ़ गए हैं और कर्मचारियों की तबादला सीजन को लेकर चिंता भी बढ़ रही है। माना जा रहा है कि कैबिनेट में शामिल नए मंत्रियों को अच्छे विभाग मिल सकते हैं। कर्मचारियों को चिंता है क्योंकि तबादला सीजन 31 मई को खत्म हो रहा है। विभाग मिलने में जितनी देरी होगी, मंत्रियों के पास तबादलों के लिए उतना ही कम समय रहेगा। इसलिए कर्मचारियों में यह जानने की उत्सुकता है कि किस मंत्री को कौन सा विभाग मिलेगा। तबादला सीजन में तबादले मंत्रियों के अनुमोदन से ही होते हैं।



### मंत्री की सलाह से ही होंगे बेसिक शिक्षा विभाग में तबादले

बेसिक शिक्षा विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले बेसिक शिक्षा मंत्री की सलाह से ही किए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेनशर्मा ने बेसिक शिक्षा निदेशक को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि समूह 'क' के तबादले शासन स्तर से, समूह 'ख', 'ग' और 'घ' के तबादले विभागाध्यक्ष और उनके अधीनस्थ अधिकारियों के स्तर से होने हैं।

कैबिनेट व स्वतंत्र प्रभार बनाए गए मंत्रियों को अहम विभागों की जिम्मेदारी दी जानी है। ऐसे में कुछ हाईप्रोफाइल मंत्रियों के विभागों में बदलाव हो सकता है। वहीं कुछ के विभागों में कटौती की चर्चाएं है। अब अच्छे विभाग जिन मौजूदा मंत्रियों के पास हैं, अगर उनसे लिए जाएं तो उनके नाराज होने का खतरा है, ऐसे में विभागों के बंटवारे में देरी हो रही है। सूत्रो की माने तो सरकार साल 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए विभागो का आवंटन करना चाहती है। वह जनता में यह संदेश नहीं देना चाहती कि उसने सिर्फ चुनावी और सियासी समीकरण के नजरिए से कैबिनेट का विस्तार किया है। कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी को पीडब्ल्यूडी या फिर कोई अन्य बड़ा विभाग दिया जा सकता है। कैबिनेट मंत्री बनाए गए सपा के बागी मनोज पांडे को भी अहम विभाग की जिम्मेदारी सौंपे जाने की चर्चा है।




## धमाल 4 और वेलकम टू द जंगल के बीच नहीं होगा क्लैश

**मुंबई।** अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म धमाल 4 और अक्षय कुमार की अदाकारी वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल का अब बॉक्स ऑफिस पर क्लैश नहीं होगा। खबर है कि अजय देवगन ने अपनी फिल्म की रिलीज डेट बदल ली है। बताया जाता है कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के क्लैश को लेकर अजय देवगन और अक्षय कुमार के बीच बातचीत हुई थी। इसके बाद बड़ा कदम उठाया गया है। अजय देवगन की फिल्म 'धमाल 4' पहले तीन जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब अभिनेता ने इसे 17 जुलाई को रिलीज करने का फैसला किया है। वहीं अब 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून 2026 को रिलीज होगी। खबर है कि अजय देवगन और अक्षय कुमार ने आपस में बात की।

**लाइफ Style**

## अदिति
## रेड कार्पेट पर बिखेरा बोल्डनेस का जादू



अदिति राव हैदरी 79वें कान फिल्म महोत्सव में शिरकत करने पहुंची हैं। फेस्टिवल के पहले दिन वे ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। साड़ी में उनका खूबसूरत अंदाज देख सभी दीवाने हो गए। दूसरे दिन उन्होंने रेड कार्पेट पर उपस्थिति दर्ज कराई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वे वन शोल्डर थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आईं। अदिति नियॉन मेटैलिक ग्रीन गाउन में दिखीं। उन्होंने इसके साथ चोकर नेकलेस कैरी किया। अदिति का ग्लैमरस अंदाज सबको पसंद आया है। इस शाइनिंग गाउन में उन्होंने गोल्डन फुटवियर्स पेयर किए हैं। अदिति राव ने हेयरस्टाइल बनाने के बजाय ओपन हेयर रखे। उन्होंने मिनिमम मेकअप से लुक कंपलीट किया है। रेड कार्पेट पर अदिति ने स्टाइलिश पोज दिए, वे फ्लाइंग किस करती नजर आईं। ट्रेल गाउन ड्रेस में अदिति के इस लुक ने पुराने हॉलीवुड स्टाइल की याद दिला दी। एक्ट्रेस ने इसे मॉर्डन टच दिया है। नेटिजंस अदिति की फिटनेस और कर्वी फिगर की तारीफ कर रहे हैं। अदिति राव हैदरी ने सोशल मीडिया पर अपना रेड कार्पेट लुक शेयर करते हुए लिखा है, 'कान स्टेट ऑफ माइंड! यहां आना सफल रहा'। अदिति के लुक पर नेटिजंस के पॉजिटिव रिएक्शंस आ रहे हैं, उनके ग्लैमर और स्टाइल की फैंस तारीफ कर रहे हैं। अदिति राव हैदरी पहले दिन साड़ी पहनकर कान फेस्टिवल में नजर आई थीं। 12 मई से शुरू हुए कान फिल्म फेस्टिवल में आलिया भट्ट से लेकर हुमा कुरैशी तक कई एक्ट्रेस पहुंची हैं। अदिति ने भी अपने स्टाइल और ग्लैमर से सबका ध्यान खींचा है।

**हॉलीवुड मसाला**

## हीरोइन को उठाया गोद में...



**पेरिस।** कान फिल्म फेस्टिवल में बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग होती है। साथ ही कई एक्ट्रेसेस के लुक भी चर्चा में रहते हैं। इस फिल्म फेस्टिवल से एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें एक एक्टर, एक हीरोइन को गोद में उठाता और बाद में दोनों डांस करते हैं। इवेंट में मौजूद हर फोटोग्राफर्स का ध्यान यह कथित कपल अपनी तरफ खींच लेता है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर एक कथित सेलेब्रिटी कपल नजर आया। काले रंग के गाउन में एक्ट्रेस दिलकश लग रही थीं।



## हार्वे से जुड़े दुष्कर्म मामले में हुआ मिसट्रायल ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड प्रोड्यूसर हार्वे वीनस्टीन पर दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध का अरोप लगा, कुछ मामलों में सजा भी हुई। लेकिन दुष्कर्म का एक मामला तीन बार ट्रायल के लिए जा चुका है और अब तक किसी फैसले पर नहीं पहुंचा है। न्यूयॉर्क के एक जज ने प्रोड्यूसर हार्वे वीनस्टीन के दुष्कर्म मामले में मिसट्रायल (अधूरे मुकदमे) का ऐलान किया। यह केस अब तक तीन बार ट्रायल के लिए जा चुका है। दरअसल, इस केस में जूरी अब तक किसी एक फैसले पर नहीं पहुंच पाई। हार्वे वीनस्टीन पर एक हेयरस्टाइलिस्ट जेसिका मान ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इसी केस में ट्रायल चल रहा है। ट्रायल का अहम मुद्दा यही था कि क्या हार्वे वीनस्टीन ने 2013 में जेसिका मान के साथ दुष्कर्म किया था।



## बेटों की परवरिश सही तरीके से हो: शेफाली

**मुंबई।** अभिनेत्री शेफाली शाह ने बच्चों की परवरिश को लेकर अपना नजरिया पेश किया है। खासकर ऐसी दुनिया में, जहां अल्फा मेल कल्चर और पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को लेकर जोरदार बहसें चल रही हैं। शेफाली ने बताया कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को परवरिश का एक बेहद सीधा-सादा नियम सिखाया है और उनका मानना है कि अच्छी परवरिश के नतीजे सामने आने से बहुत पहले ही इसकी शुरुआत हो जाती है। शेफाली शाह ने मां बनने और बेटों की परवरिश के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'हमारी बेटियां तभी सुरक्षित रहेंगी। जब हमारे बेटों की परवरिश सही तरीके से होगी। मैंने एक ऐसी बात सोची जो मैंने उन्हें बताई और मुझे लगता है कि यह बात हर किसी पर लागू होती है। आप दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करें, जैसा आप खुद अपने साथ होने की उम्मीद करते हैं।



## तुम्बाड यूनिवर्स में हुईं आलिया की एंट्री

**मुंबई।** आलिया भट्ट इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी मौजूदगी को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच अब एक्ट्रेस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट जल्द ही 'तुम्बाड 2' का हिस्सा बनने वाली हैं। बॉलीवुड हंगामा की खबरों की मानें तो आलिया फिल्म में 15 दिनों का एक एक्सटेंडेड कैमियो करेंगी, लेकिन उनका किरदार कहानी के लिए काफी अहम होगा। इतना ही नहीं, उनका यही किरदार आगे जाकर 'तुम्बाड 3' में मुख्य भूमिका निभाएगा। बताया जा रहा है कि तीसरे पार्ट में आलिया, सोहम शाह के साथ लीड रोल में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, आलिया मई के अंत तक अपने कैमियो की शूटिंग पूरी कर लेंगी। इसके बाद वह 'लव एंड वॉर' की शूटिंग में व्यस्त हो जाएंगी।

**टीवी मसाला**



## कुशल और कायरा ने जीता स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' का आखिरकार ग्रैंड फिनाले हो गया है और कुशल तंवर (गुल्लू) और कायरा अनू ने यह शो जीत लिया है। इस डेटिंग रियलिटी शो को जीतने पर कुशल तंवर और कायरा को ट्रॉफी के साथ 20 लाख रुपये की प्राइज मनी भी मिली। फिनाले में उनकी टक्कर योगेश रावत और रुरु ठाकुर से थी। यह सीजन खूब ड्रामा, ट्विस्ट और लड़ाई-झगड़ों से भरा रहा। कपल्स के बीच भी खूब कांटे की टक्कर देखने को मिली। 'स्प्लिट्सविला 16 के ग्रैंड फिनाले में ब्रीफकेस टास्क भी था, जिसकी राशि 5 लाख रुपए थी। चूंकि, किसी ने भी 5 लाख रुपए से भरा ब्रीफकेस नहीं लिया, इसलिए इनाम की राशि 20 लाख रुपए ही रही। स्प्लिट्सविला के इस सीजन में सेमी-फिनाले में चार जोड़ियां पहुंचीं। ये जोड़ियां थीं- कुशल तंवर (गुल्लू) और कायरा अनु, योगेश रावत और रुरु ठाकुर, सोराब बेदी और निहारिका तिवारी, और तायने और सौंदर्या शेट्टी। इन चारों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखी गई। कड़े मुकाबले और वोटिंग के बाद गुल्लू-कायरा, और योगेश-रुरु शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचीं। उसमें गुल्लू और कायरा की जोड़ी ने योगेश और रुरु को कड़ी टक्कर दी और विनर बन गए। **Splitsvilla X6** जीतने के बाद कुशल तंवर (गुल्लू) ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह और कायरा यह शो जीतना डिजर्व करते थे। उन्होंने फैंस का भी शुक्रिया अदा किया। कुशल तंवर बोले, 'आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने मेरा साथ दिया। जीतने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

### मैं बहुत फ्री हूं, मुझे कुछ काम दो : तान्या



**नई दिल्ली।** एक वायरल वीडियो में तान्या मित्तल पैपराजी से बातचीत कर रही हैं। इस वीडियो में वह साड़ी पहने नजर नहीं आ रही हैं, बल्कि एक ब्लू गाउन में दिख रही हैं। फैंस भी इस लुक में देखकर हैरान हुए। तान्या के लुक पर जमकर रिएक्शन दिए। इसके अलावा तान्या ने वर्कफ्रंट को लेकर भी कुछ बातें कहीं। तान्या मित्तल ने वायरल वीडियो में पैपराजी से पहले कुछ खाने-पीने के लिए पूछा। लेकिन, सबने मना कर दिया। फिर वह बोलीं- 'मैं बहुत फ्री हूं, मुझे कुछ काम दो। मुझे अच्छा लगेगा, अगर आप लोग कुछ खाएंगे। मैं यहां सिर्फ फोटो क्लिक करवाने थोड़े आती हूं।' इसके बाद तान्या मुस्कुरा दीं। तान्या के गाउन लुक और उनके व्यवहार को फैंस ने खूब सराहा, कमेंट सेक्शन में उन्हें एक अच्छा इंसान बताया और फायर, हार्ट इमोजी शेयर किए। तान्या अब शो बिजनेस में आ रही हैं तो उनका लुक अब बदलने लगा है।

## किंग का रास्ता साफ! शक्ति शालिनी की रिलीज डेट में हुआ बदलाव...




**नई दिल्ली।** मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह हॉरर थ्रिलर, शाह रुख खान की फिल्म किंग के साथ सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फिल्म की रिलीज डेट 24 दिसंबर 2026 को तय की गई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि शक्ति शालिनी का शाह रुख खान की फिल्म के साथ क्लैश नहीं होने वाला है। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, शक्ति शालिनी की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई है। फिल्म अब 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक नहीं देगी। फिल्म की रिलीज डेट एक महीने आगे बढ़ा दिया गया है। इसकी वजह किंग बताई जा रही है। मेकर्स नहीं चाहते हैं कि फिल्म का क्लैश हो। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिल्म जनवरी 2027 में आ सकती है। हालांकि, अभी तारीख डिसाइड नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि कॉकटेल 2 के बाद रिलीज डेट क्लियर होगी। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही शक्ति शालिनी के प्रोडक्शन का काम आखिरी फेज में पहुंच गया है। इस फिल्म में सैयारा की हीरोइन अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में उनका डबल रोल है। टाइटल क हिसाब से वह शक्ति (रक्षक) और शालिनी (बुरी ताकत) के किरदारों में दिखाई देंगी। बात करें फिल्म की कहानी की तो यह बंगाली लोककथाओं और पौराणिक कथाओं पर आधारित है। अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाली शाश्वत लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमने वाली फिल्म की कहानी एक ऐसी भूतनी की होगी जो मर्दों को सजा देती है जिसने उसके साथ विश्वासघात किया था और उसे बेरहमी से मार डाला था। इस भूतनी को नष्ट करने के लिए रक्षक बनकर एक शक्ति आती है।

## वीकेंड पर पति-पत्नी और वो दो की चांदी करुप्पु की कमाई में जबरदस्त उछाल...

**मुंबई।** वीकेंड का इंतजार उन स्टार्स, फिल्ममेकर्स को बेसब्री से रहता है, जिनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन की दौड़ में शामिल रहती हैं। आयुष्मान खुराना की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म पति पत्नी और वो दो के अलावा संजय दत्त की ड्रामा फिल्म आखिरी सवाल को सिनेमाघरों में दो दिन हो चुके हैं।

**पति पत्नी और वो दो की बढ़ी कमाई :** सैकनिल्क के अनुसार फिल्म पति पत्नी और वो दो ने दूसरे दिन 5.75 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि पहले दिन 4 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इस फिल्म ने शनिवार को अपने कलेक्शन में इजाफा किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 9.75 करोड़ रुपएहो






चुका है। फिल्म पति पत्नी और वो दो में आयुष्मान खुराना, अलावा सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं।

**आखिरी सवाल को भी मिला फायदा :** वीकेंड का फायदा संजय दत्त की फिल्म आखिरी सवाल को भी मिला है। शनिवार को इसकी कमाई में भी मामूली बढ़ोतरी हुई है। इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 73 लाख रुपए कमाए हैं। जबकि पहले दिन 40 लाख रुपए कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1.13 करोड़ रुपए हो चुका है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच ज्यादा क्रेज देखा नहीं जा रहा है।

**करुप्पु का बॉक्स ऑफिस पर जलवा :** सूर्या स्टारर फिल्म करुप्पु बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 23.40 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि ओपनिंग डे पर इस साउथ फिल्म ने 15.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इस फिल्म ने कुल 38.90 करोड़ रुपए की कमाई की है। सूर्या स्टारर इस फिल्म में तृषा कृष्णनन भी अहम भूमिका में हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर इस फिल्म की खूब चर्चा है।

**कृष्णावतारम पार्ट 1 :** फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट 1' को थिएटर में 10 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 10वें दिन 2.30 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि 9वें दिन 1.20 करोड़ रुपएकी कमाई की है। फिल्म ने कुल 17.02 रुपएका कलेक्शन कर लिया है। यह माइथोलॉजिकल फिल्म दर्शकों को भा रही है।

### डेन ने 80 से लेकर 90 के दशक तक फिल्मी पर्दे पर खूब निभाए विलेन के रोल

## इंडस्ट्री की राजनीति से टूटा दिल, एक्टिंग छोड़ बना सेलर, चला रहा होमस्टे

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जब भी आइकॉनिक या खूंखार विलेन्स की बात आती है, तो दिलो-दिमाग में मोगेम्बो से लेकर शाकाल और गब्बर जैसे किरदार आते हैं। कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने विलेन बनकर फिल्मी पर्दे पर खूब पॉपुलैरिटी पाई, पर कुछ ने इंडस्ट्री छोड़ दी, तो कुछ गुमनामी में खो गए और कुछ इस दुनिया से चल बसे। अमजद खान और अमरीश पुरी से लेकर प्राण, डैनी डेंजोंगपा, अजीत, प्रेम चोपड़ा और आशुतोष राणा तक ढेरों ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ खूंखार अंदाज और भारी आवाज से विलेन के रूप में दर्शकों के दिलों में भी डर पैदा कर दिया था। ऐसे ही एक विलेन की कहानी आपको बता रहे हैं। इनका नाम है डैन धनोआ, जिन्होंने 80 से लेकर 90 के दशक तक फिल्मी पर्दे पर खूब विलेन के रोल निभाए। इन्हें हिंदी सिनेमा का 'आखिरी स्टार विलेन' भी माना जाता है। लेकिन, कुछ ऐसा हुआ कि डैन धनोआ ने फिर अचानक ही फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ एक्टिंग छोड़ दी और मर्चेंट नेवी में सेलर बन गए।*

### पिता एक्टिंग के सख्त खिलाफ थे



जिन लोगों ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'मर्द' देखी है, तो उसमें डैन धनोआ को जरूर देखा होगा। उसमें डैन धनोआ ने विलेन का रोल किया था। घोड़े पर बैठकर डैन धनोआ एंट्री मारते हैं और बोलते हैं- मैं हूं जनरल डायर का बेटा डैनी। इसी डायलॉग और किरदार ने डैन धनोआ को रातोंरात मशहूर कर दिया था। इसके बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर्स की लाइन लग गई थी। हालांकि, डैन धनोआ के पिता एक्टिंग के सख्त खिलाफ थे। वह चाहते थे कि बेटा मां की तरह डॉक्टर बने, पर डैन धनोआ एक्टर भी नहीं बनना चाहते थे। वह पढ़ाई पूरी करने के बाद मर्चेंट नेवी में चले गए। फिल्मों में आना बस एक इत्तेफाक था। कैसे वह फिल्मों में आए थे, यह भी इस स्पेशल में बताएंगे। डैन धनोआ 28 फरवरी, 1959 को पंजाब के जालंधर में सिख परिवार में पैदा हुए थे और उनका असली नाम इंद्रप्रीत सिंह धनोआ है। हालांकि, फिल्मों में आने के बाद वह डैन धनोआ के नाम से मशहूर हो गए। डैन धनोआ के पिता मेजर जनरल सरदार सिंह धनोआ थे, और मां कैप्टन डॉ. परमजीत कौर धनोआ। वो आर्मी में डॉक्टर थीं। इस कारण डैन धनोआ को शुरुआत से ही अनुशासन और कड़ी मेहनत का गुण विरासत में मिला था।

### फिरोज ने जानबाज में किया साइन

फिरोज खान ने उन्हें फिल्म 'जानबाज' में साइन किया। डैन धनोआ को एक्टिंग नहीं आती थी, तो एक्टिंग वर्कशॉप कराई और लुक टेस्ट भी लिया। हालांकि, वह फिल्म किसी वजह से बंद हो गई। डैन धनोआ को डैन नाम भी फिरोज खान ने ही दिया था। और फिर जब साल 1986 में 'जानवर' फिल्म दोबारा बननी शुरू हुई, तो उसमें डैन धनोआ को कोई रोल नहीं मिला। इस तरह फिरोज खान और डैन धनोआ के रास्ते अलग हो गए।

### दिमाग में फिल्मों में जाने का ख्याल भी नहीं था

फिल्मों की बात करें, तो डैन धनोआ गलती से इस लाइन में आ गए थे। एक इंटरव्यू में डैन धनोआ ने बताया था कि उस वक्त ज्यादा नौकरियां नहीं थीं, तो उन्होंने मॉडलिंग शुरू कर दी। हालांकि, तब भी दूर-दूर तक उनके दिमाग में फिल्मों में जाने का ख्याल भी नहीं था। लेकिन साल 1984 की बात है। एक्टर फिरोज खान ने अपनी सिल्वर जुबली हिट फिल्म 'कुर्बानी' के लिए एक पार्टी रखी थी, और उसी में डैन धनोआ भी थे। उन पर फिरोज खान की नजर पड़ी, तो लुक्स और पर्सनैलिटी से प्रभावित हो गए।

### 'मर्द' ने किस्मत चमका दी

मनमोहन देसाई ने डैन धनोआ को 'मर्द' में साइन किया और इस फिल्म ने उनकी किस्मत चमका दी। इस फिल्म में डैन धनोआ का विलेन का रोल मिला था, और वह छा गए। इसके बाद फिर तो लगभग हर फिल्म में डैन धनोआ को विलेन या फिर नेगेटिव रोल में ही साइन किया जाने लगा। उन्होंने 'शहंशाह', 'त्रिदेव', 'तूफान', 'फूल और कांटे' और 'विश्वात्मा' जैसी फिल्में कीं।

### फिल्म इंडस्ट्री से दूरी बना ली

लेकिन फिर 90 के दशक में डैन धनोआ ने फिल्म इंडस्ट्री से हमेशा के लिए दूरी बना ली। उन्होंने फिल्में करना छोड़ दिया। इसकी क्या वजह थी? यह एक्टर ने 'चाय के साथ दिल की बात' यूट्यूब चैनल को एक इंटरव्यू में बताई थी। डैन धनोआ ने कहा था, 'मैं फिल्म इंडस्ट्री का आदमी नहीं था। मैं आउटसाइडर था। मुझे इंडस्ट्री के तौर-तरीके समझ नहीं आते थे, जैसे काम मांगना और फिर पेमेंट की मांग करना। यह सब मेरे बस की बात नहीं थी।' डैन धनोआ के मुताबिक, कुछ प्रोड्यूसर्स ने उनके साथ जो बर्ताव किया, उससे वह निराश हो गए और 2000 के आसपास बॉलीवुड छोड़ दिया।

### डैन धनोआ की हिट फिल्में

मर्द (1985), कर्मा (1986), शहंशाह (1988), त्रिदेव (1989), सनम बेवफा (1991), फूल और कांटे (1991),विश्वात्मा (1992)।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण अभियान में ई-रिक्शे से पहुंचीं महापौर



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की अपील को आगे बढ़ाते हुए भोपाल की महापौर मालती राय ने शनिवार को अपना वाहन छोड़ ई-रिक्शा से सफर किया। वे अपने निवास से सीहोर रोड स्थित सन स्काई गार्डन में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 में शामिल होने ई-रिक्शा से पहुंचीं और लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक से अधिक उपयोग करने का आव्हान भी किया। महापौर राय ने इस अवसर पर प्रदूषण मुक्त भोपाल और पर्यावरण-अनुकूल यातायात साधनों को बढ़ावा देने को सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणादायी अपील को आत्मसात करते हुए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपने शहर, प्रदेश, देश को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग दें।

### कार्यभारित कर्मियों के हितों पर ध्यान दे राज्य सरकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस ने प्रदेश के दो लाख से अधिक कार्यभारित और स्थाई कर्मियों की सेवाएं नियमित कर उन्हें नियमित कर्मचारियों की भांति सुविधाएं देने की मांग राज्य शासन से की है। मप्र कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य वीरेंद्र खोंगल, प्रांताध्यक्ष सुरेंद्र निगम, महासचिव आरके नामदेव, थान सिंह रघुवंशी ने मुख्यमंत्री को सयुक्त हस्ताक्षरीत प्रेषित ज्ञापन में अवगत कराया कि शासन द्वारा गठित अग्रवाल वेतन आयोग द्वारा इन कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति नियमित वेतनमान देने तथा सेवानिवृत्त पर तीन सौ दिवस के अवकाश के नगरीकरण की अनुशंसा की थी।

### हजारों नामांतरण का ऑनलाइन रिकॉर्ड अटका

**भोपाल।** करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी खरीद चुके करीब तीन हजार से ज्यादा लोगों को अब ठगी की चिंता सताने लगी है। इनमें से अधिकतर ने जमीन की रजिस्ट्री करा ली है पर इनके नाम पर जमीन नामांतरण का (अमल) नहीं हो पा रहा है। इसलिए इनमें डर है कि कहीं ऐसा न हो कि जमीन का पुराना मालिक इसकी बिक्री किसी और को न कर दे। इनमें से कई नामांतरण ऐसे भी हैं, जिनका बंटान दर्ज नहीं किया गया है। जिससे इन जमीनों के मामले में फर्जीवाड़ा होने की संभावना बढ़ गई है। राजस्व विभाग ने जमीनों का रिकार्ड ऑनलाइन कर दिया है, जिसके तहत जमीन और प्लॉट की रजिस्ट्री होने के बाद तहसील दफ्तर में नामांतरण कराया जाता है। नामांतरण को ऑनलाइन भी अपडेट करना पड़ता है। जिसके तहत बंटान भी नक्शे में दर्ज किया जाता है।

---

### डिजिटल तकनीक के माध्यम से नागरिकों को त्वरित, किफायती, भेदभाव रहित न्याय सुलभ कराने में मदद मिलेगी

# अब कोर्ट के आदेश की सर्टिफाइड कॉपी पाने के लिए किसी भी व्यक्ति को मीलों का सफर नहीं करना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह ने कहा कि फाउंटेन पेन से लिखा गया हमारा संविधान अब एआई के दौर में पहुंच चुका है। किसी कैदी की रिहाई का आदेश पहुंचने में देरी कोई तकनीकी गड़बड़ी नहीं है। लेकिन इस देरी से रिहा हुए व्यक्ति को एक और रात जेल में गुजारनी पड़ती है। एक मिसिंग फॉरेंसिक रिपोर्ट किसी फरियादी के लिए न्याय प्रक्रिया में देरी का कारण बन जाती है। अब कोर्ट के आदेश की सर्टिफाइड कॉपी पाने के लिए किसी को मीलों का सफर नहीं करना पड़ेगा।

जस्टिस कोटेश्वर सिंह जबलपुर में आयोजित फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजनः एम्पावरिंग जस्टिस वाया-यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र हाईकोर्ट की यह नवाचारी पहल अभियोजन पक्ष, पुलिस और नागरिकों के लिए न्याय प्रक्रिया के नए द्वार खोल रही है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से देश की न्याय व्यवस्था में बड़ा बदलाव आ रहा है। नवाचारी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से हमारी न्यायपालिक नागरिक अधिकारों के प्रति अधिक जिम्मेदार होगी। हम सभी को मिलकर न्यायिक व्यवस्था की चुनौतियों को समाप्त करने की दिशा में प्रयास करने होंगे।

**मप्र हाईकोर्ट का नया पोर्टल लोकार्पित**

### मुख्यमंत्री ने फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजनः एम्पावरिंग जस्टिस वाया-यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन कार्यक्रम का किया शुभारंभ




मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री मेघवाल, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया न्यायमूर्ति सूर्यकान्त और अन्य अतिथियों ने जबलपुर के समारोह में एनुअल रिपोर्ट : 2025 का विमोचन किया।

#### हाईकोर्ट का डिजिटल प्लेटफॉर्म नागरिकों के जीवन को बनाएगा आसान

मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने कहा कि मप्र उच्च न्यायालय आज एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च कर रहा है। अब फरियादियों को न्यायालय के फैसलों की कॉपी के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत के मार्गदर्शन में तैयार हुआ हाईकोर्ट का यह डिजिटल प्लेटफॉर्म नागरिकों के जीवन को आसान बनाएगा। आज हम 'फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन/" के माध्यम से ऐसी प्रक्रिया की ओर बढ़ रहे हैं, जहां सूचनाओं का प्रवाह तेजी और पारदर्शिता के साथ होगा। मप्र लीगल अथॉरिटी ने सबके लिए न्याय प्रक्रिया को आसान बनाने का दायित्व उठाया है। अब आम लोगों के साथ पुलिस को भी ई-समन जारी करना आसान हुआ है, जमानत के आवेदनों का निपटारा करने में भी तेजी आई है। अब रियल टाइम में जानकारियां साझा की जा सकेंगी। हाईकोर्ट के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जमानत और केस से जुड़े फैसलों की ई-कॉपी उपलब्ध होगी।

#### सुशासन की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सुशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने टेक्नोलॉजी को सुशासन के मूल मंत्र के साथ जोड़ा है। प्रदेश में सायबर तहसीलों की स्थापना हो चुकी है। पेपरलेस प्रक्रियाओं की ओर अग्रसर होते हुए कैबिनेट की कार्रवाई डिजिटल की जा चुकी है। प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से आम आदमी के जीवन को सरल बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्यरत है। मप्र उच्च न्यायालय ने अपने नवाचारों के माध्यम से व्यवस्थाओं को आसान बनाया है। प्रदेश में मूक-बधिरों के लिए मोबाइल एप्लीकेशन से न्याय, फाइलों के त्वरित निराकरण, कोर्ट ऑडर्स का डिजिटल सर्टिफिकेशन करते हुए बेहतर प्रबंधन इन नवाचारों के उदाहरण है।

#### सरलीकरण की दिशा में नया अध्याय किया शुरू

सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस आलोक अराधे ने कहा कि आज मप्र हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में नया अध्याय शुरू किया है। न्याय प्रक्रिया में विलंब, संवैधानिक चिंता का विषय रहा है। न्यायपालिका- कोर्ट, पुलिस, प्रिजन, फॉरेंसिक और मेडिको लीगल सर्विसेस के साथ आने से यह चिंता समाप्त होगी। मप्र हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव जज जस्टिस विवेक रूसिया ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सांसदआशीष दुबे, जबलपुर के महापौर जगत बहादुर अन्नू, महाधिवक्ताप्रशांत सिंह, न्यायाधीशगण, न्यायिक प्राधिकरण से जुड़े प्रशिक्षु, पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में वकील उपस्थित थे।

## डिजिटल परिवर्तन, पेपरलेस न्याय व्यवस्था भारतीय न्यायपालिका के भविष्य के लिए जरूरी: मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन और पेपरलेस न्याय व्यवस्था भारतीय न्यायपालिका के भविष्य का सबसे महत्वपूर्ण और आवश्यक विषय है। उन्होंने कहा कि अदालतों की पहचान अब लाल कपड़ों में बंधी भारी-भरकम फाइलों से नहीं, बल्कि स्मार्ट तकनीक से होगी। कोविड-19 महामारी के दौर को एक ऐतिहासिक मोड़ बताते हुए उन्होंने कहा कि उस संकटकाल में वर्चुअल हियरिंग और ई-फाइलिंग से न्याय प्रणाली को नई दिशा मिली। उन्होंने यह बात जबलपुर में महाधिवक्ता कार्यालय की ओर से आयोजित "डिजिटल ट्रांसमिशनः एडवांसिंग पेपरलेस लीगल सिस्टम" विषय पर आयोजित विधिक व्याख्यान कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अब 'मिसलेनियस डेट्स' पर पूरी तरह वर्चुअल हियरिंग का निर्णय लिया है, जिससे वकीलों को घर बैठे दलीलें रखने की सुविधा मिलेगी। अपने 37 वर्ष की आयु में महाधिवक्ता बनने के दौर को याद करते हुए बताया कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. अरुण जेटली के सहयोग से उन्होंने देश का पहला पूर्णतः कंप्यूटरीकृत महाधिवक्ता कार्यालय तैयार कराया था। अब लाइव स्ट्रीमिंग और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड ने न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई है।



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

#### डिजिटल समावेशन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर

न्यायमूर्त सूर्यकांत ने विशेष रूप से कहा कि सिक्किम की तरह मप्र भी पूर्णतः पेपरलेस बनने की दिशा में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण को भारी संबल मिलेगा। देश के ग्रामीण व वरिष्ठजनों को ध्यान में रखते हुए तकनीक को 'बाधा' नहीं बल्कि 'पुल' बनना होगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की एआई कमेटी, न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने पर लगातार काम कर रही है।

#### जब अदालतें ऐसे युगांतरकारी फैसले देती हैं, तो लोकतंत्र सशक्त होता है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने अयोध्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय और शाहबानो प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि जब अदालतें ऐसे युगांतरकारी फैसले देती हैं, तो लोकतंत्र सशक्त होता है। आज का समय न्याय व्यवस्था, लोकतंत्र और भारतीय मूल्यों के पुनर्जागरण का काल है।

#### अदालतों में लैपटॉप प्रतिबंध हुआ करता था

*मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2008-09 के दौर में अदालतों में लैपटॉप ले जाने पर प्रतिबंध हुआ करता था। आज तकनीक ने पूरी व्यवस्था बदल दी है। उन्होंने बताया कि महाधिवक्ता कार्यालय की सुविधा के लिए अब उन सभी मामलों की डिजिटल पहुंच उपलब्ध करा दी गई है, जिनमें सरकार पक्षकार है। अब नोटिसों का डिजिटल ट्रांसमिशन होने से जवाब तेजी से आ रहे हैं और प्रतिदिन स्टेटस रिपोर्ट अपलोड हो रही है।*

#### 'पेपरलेस व्यवस्था' आज की आवश्यकता

*केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्रीअर्जुनराम मेघवाल ने आयोजन को न्यायपालिका, सरकार और तकनीक का एक शानदार संगम बताया। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले बजट सत्रों में भारी-भरकम दस्तावेज ले जाने पड़ते थे, लेकिन आज संसद पूरी तरह पेपरलेस हो चुकी है और बजट मोबाइल पर उपलब्ध है।*

#### सीएम ने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत से भेंट की

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र प्रवास पर आए सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने शनिवार को जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में पधारे मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्त सूर्यकांत को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।*

---

### गौरेला के दूरस्थ पहाड़ी ग्राम राजमेरगढ़ की घटना

## आकाशीय बिजली गिरने से 11 मवेशियों की मौत, क्षेत्र में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही

जिले के गौरेला क्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ी ग्राम राजमेरगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से 11 मवेशियों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम अचानक मौसम बदल गया और तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई।

इसी दौरान जंगल में चरने गए मवेशी वापस गांव लौट रहे थे। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के गौरेला क्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ी ग्राम राजमेरगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से 11 मवेशियों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।



#### हादसे के बाद कई परिवारों को आर्थिक संकट

ग्रामीणों ने बताया कि पशुपालन ही परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है, ऐसे में इस हादसे से परिवार पर संकट खड़ा हो गया है। मामले की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। प्रशासनिक अमला मौके का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई में जुट गया है। वहीं प्रभावित पशुपालक के लिए मुआवजा प्रकरण तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

---

### अंबाला के शहजादपुर में महाराणा प्रताप जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री की घोषणा

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बनेगा महाराणा प्रताप अध्ययन केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को अंबाला के शहजादपुर में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में कई बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप के नाम पर अध्ययन केंद्र और चेयर स्थापित की जाएगी। साथ ही बड़ागढ़ स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय का नाम बदलकर महारानी पद्मावती राजकीय महाविद्यालय रखा जाएगा। मुख्यमंत्री यहां संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये, राजपूत छात्रावास के निर्माण कार्य के लिए 31 लाख रुपये तथा शहजादपुर के कच्चे नाले को पक्का करवाने की घोषणा भी की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की नवीकृत प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह में विजय कुमार सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे महान योद्धा थे, जिनका नाम लेते ही रोम-रोम में देशभक्ति की लहर दौड़ने लगती है। उनका नाम सुनते ही हृदय गर्व से और आंखें श्रद्धा से भर जाती हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म ऐसे समय में हुआ था, जब भारतीय समाज पर अन्याय और अत्याचार की घोर घटा छाई हुई थी तथा हमारी गौरवशाली संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा था। अनेक बार दुश्मनों को धूल चटाई उन्होंने कहा कि राजपूत केवल एक जाति नहीं, बल्कि न्याय और सच्चाई का प्रतीक है।





#### अग्रवाल समाज का इतिहास गौरव व गरिमा से परिपूर्ण

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अग्रवाल समाज का इतिहास गौरव और गरिमा से परिपूर्ण रहा है। महाराजा अग्रसेन ने समाज को नई दिशा देने का काम किया और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायी हैं। मुख्यमंत्री रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित सर्कस ग्राउंड में अखिल भारतीय अग्रवाल मैत्री संघ द्वारा आयोजित अग्र समाज के 5143वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी से लेकर आर्थिक मजबूती तक अग्र समाज हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहा है। व्यापार, उद्योग और युवाओं को रोजगार देने में इस समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के "एक रुपया, एक ईंट" सिद्धांत ने समाज को आत्मनिर्भरता और सहयोग का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम कर रही है।

---

### कांग्रेस कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने प्रदर्शन में लिया हिस्सा

## नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण एवं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर द्वारा आज एक विशाल मशाल जुलूस आयोजित किया गया। यह मशाल जुलूस टीन शेड से प्रारंभ होकर टॉप एन टाउन न्यू मार्केट से होते हुए जवाहर भवन रोशनपुरा चौराहा तक निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, विधायक महेश परमार, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, भोपाल लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव, भोपाल शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, भोपाल ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनोखी पटेल, प्रदेश महासचिव संजीव सक्सेना, अमित शर्मा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष साबिस्ता जकी, महिला कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह कंसाना सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक ने देश के लाखों विद्यार्थियों के सपनों और भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। जब तक इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।



प्रदर्शन करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी व कांग्रेस कार्यकर्ता।

#### देश में हर तरफ निराशा का माहौल

भाजपा सरकार की नीतियों और लापरवाही के कारण देश का युवा आज असुरक्षा और निराशा का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को बचाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। और लगातार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने देश की आम जनता को अभूतपूर्व पीड़ा दी है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का रुपया लगातार कमजोर हुआ, युवाओं को रोजगार नहीं मिला और आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता गया। श्री पटवारी ने कहा कि आज देश का युवा जवाब मांग रहा है।

---

### पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस ने निकाला 'धक्का मार्च'

## महिला कांग्रेस स्कूटी को धक्का लगाकर पहुंची पेट्रोल पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में शनिवार को महिला कांग्रेस ने अनोखा 'धक्का मार्च' निकाला। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्कूटी को धक्का देते हुए न्यू मार्केट स्थित नानके पेट्रोल पंप पहुंची। महिला कांग्रेस ने प्रर्दशन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से 'धक्का मार्च' निकालकर पेट्रोल भरवाया और ईंधन कीमतों में राहत की मांग की। महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रीना बोरासी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की मार सिर्फ मुझ पर नहीं, पूरे देश की आम जनता पर है।

इसका सीधा असर घर के बजट पर पड़ता है। रसोई से लेकर सब्जी तक हर चीज महंगी हो जाती है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी संकट आता है, सरकार जनता से सहयोग मांगती है, लेकिन महंगाई कम करने की ठोस रणनीति नजर नहीं आती। रीना बोरासी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2008 की वैश्विक आर्थिक मंदी के दौरान भी कांग्रेस की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती से संभाला था, लेकिन वर्तमान में मोदी सरकार केवल जुमलेबाजी कर रही है और महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। महिला कांग्रेस ने मांग की कि पेट्रोल-डीजल के दामों में तत्काल राहत दी जाए और बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार ठोस कदम उठाए।




विरोध-प्रदर्शन करतीं महिला कांग्रेस कार्यकर्ता।

#### चुनाव खत्म होते ही बढ़ गए दाम: कंसाना

प्रदर्शन के दौरान पूर्व जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष संतोष कंसाना ने कहा कि पेट्रोल 100 रुपए के पार और डीजल की बढ़ती कीमतों ने मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। चुनाव खत्म होने ही सरकार ने पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ा दिए। सरकार सिर्फ चुनाव में ही जनता की हितैशी बनती है चुनाव खत्म होने के न सिलेंडर 400 रुपए हुआ न ही लाड़ली बहनों तीन हजार मिले।

## चिंतन

# गर्मी के मौसम में दोहरी सुरक्षा ही बचाएगी जान

गर्मियों का मौसम अब केवल असहनीय तापमान का पर्याय नहीं रह गया है, बल्कि यह आगजनी की घटनाओं का भी भयावह दौर ला रहा है। देशभर में कारों, बसों और ट्रेनों में अचानक आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान चली जाती है, जबकि करोड़ों रुपये की संपत्ति भी नष्ट हो जाती है। चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश मामलों में कारण प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही और व्यवस्था की कमजोरी होते हैं। रविवार को ही कोटा मंडल में त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोच में आग लग गई। हालांकि सभी यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया। तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचते ही आगजनी की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी होना यह साबित करता है कि हमारी परिवहन व्यवस्था और व्यक्तिगत सतर्कता दोनों में गंभीर खामियां हैं। यह केवल तकनीकी खराबी या महज संयोग नहीं, बल्कि लापरवाही और कमजोर सुरक्षा तंत्र का परिणाम है। ऐसे में जान-माल की रक्षा के लिए 'दोहरी सुरक्षा' अपनाना बेहद जरूरी है। पहली दुर्घटना को रोकना (बचाव) और दूसरी आपातकाल के लिए हमेशा तैयार रहना। गर्मियों में वाहनों में आग लगने के पीछे सबसे बड़ा कारण ओवरहीटिंग है। लगातार एसी चलाने से इंजन और वायरिंग पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। कई लोग समय पर सर्विस नहीं करवाते, जिसके कारण इंजन के भीतर होने वाली खामियां बड़े हादसों को अंजाम देती हैं। लोकल वायरिंग और गलत फिटिंग के कारण शॉर्ट सर्किट की घटनाएं आम हैं। इसके अलावा, कारों में सैनिटाइज़र, परफ्यूम, लाइटर और अन्य ज्वलनशील वस्तुएं छोड़ देना भी आग को निमंत्रण देने जैसा है। भीषण गर्मी में ये पदार्थ विस्फोटक बन सकते हैं। स्थिति केवल निजी वाहनों तक सीमित नहीं है। ट्रेनों में आग लगने की घटनाएं भी लगातार चिंता बढ़ा रही हैं। रेलवे में सफर करने वाले कुछ यात्री नियमों की अनदेखी करते हुए छोटे गैस सिलेंडर, स्टोव और अन्य ज्वलनशील सामग्री साथ ले जाते हैं। थोड़ी सी चूक पूरे डिब्बे को आग की भट्टी में बदल सकती है। इसके अलावा ट्रेनों की पुरानी वायरिंग, ओवरलोडिंग और रखरखाव में लापरवाही भी आग की घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। यह केवल व्यक्तिगत गलती नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति गैरजिम्मेदार रवैया है। ऐसे में प्रशासन और आम नागरिक दोनों की जिम्मेदारी तय होती है। रेलवे प्रशासन को स्टेशनों पर सघन जांच अभियान चलाना चाहिए, ताकि कोई भी यात्री ज्वलनशील पदार्थ लेकर ट्रेन में प्रवेश न कर सके। केवल चेतावनी बोर्ड लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि भारी जुर्माना और कानूनी दंड का भय भी होना चाहिए। वाहन मालिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। गर्मियों में नियमित सर्विसिंग, वायरिंग की जांच, कूलेंट का सही स्तर और बैटरी की स्थिति की निगरानी बेहद जरूरी है। साथ ही गाड़ियों में फायर एक्सटिंग्विशर रखना अब विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुका है। सरकार और परिवहन विभाग को भी जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। यदि लोगों को आपात स्थिति में सही प्रतिक्रिया देना सिखाया जाए, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। भीषण गर्मी में बढ़ती आगजनी की घटनाएं चेतावनी हैं कि सुरक्षा को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रशासन की सख्ती, वाहनों की नियमित जांच, रेलवे में सतर्कता और लोगों की जिम्मेदारी ही इन हादसों को रोक सकती है। छोटी लापरवाही बड़ी त्रासदी बन सकती है, इसलिए दोहरी सुरक्षा आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

## सारा संसार



कामाख्या देवी का प्रसिद्ध मंदिर उत्तर पूर्व भारत में असम राज्य की राजधानी गुवाहाटी के पश्चिमी भाग में स्थित नीलाचल पहाड़ी के मध्य में स्थित है। मंदिर में विराजित देवी को माँ कामाख्या या इच्छा की देवी कहा जाता है जो यहाँ आने वाले भक्तो की इच्छा पूर्ति करने के लिए जानी जाती है।

## लक्ष्य

डा. सपना बंसल



# 'विकसित भारत' का सपना देश के युवा वर्ग की मंजिल

वास्को दी गामा ने 20 मई 1498 को कालीकट केरल के कप्पड़ तट के माध्यम से यूरोप से भारत का समुद्री रास्ता खोजा। उस समय भारत दुनिया की न केवल सबसे बड़ी संपन्न अर्थव्यवस्था था अपितु सभ्यता शहरीकरण, तकनीकी, शिक्षा, संस्कृति, व्यापार और जीवन स्तर के मापदंडों पर विश्व में अग्रणी क्षेत्र पर था। अर्थशास्त्री एंगस मैडिसन के मुताबिक साल 1500 में विश्व की जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 24.4% थी। कहने का तात्पर्य यह है कि भारत सदैव ही एक विकसित साम्राज्य रहा था, परंतु पहले पुर्तगालियों ने और फिर अंग्रेजों ने हिंदुस्तान की मासूमियत और सादगी का न केवल व्यापारिक फायदा उठाया, कदाचित एक संपूर्ण, संपन्न अर्थव्यवस्था को अपने निहित स्वार्थ के लिए तहस-नहस कर दिया। 1947 में भारत आजाद हुआ, उस समय 200 साल के औपनिवेशिक शोषण के बाद हालात बेहद कमजोर हो गए। जहां साल 1850 तक दुनिया का 25% कपड़ा भारत बनाता था, 1947 तक आते-आते कपड़े आयात करने लगा। 70 से 80 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे आ गई। अंग्रेज रेल, डाकघर, कारखाने भारत में लाए, लेकिन केवल अपने फायदे के लिए। उन्होंने 54000 किलोमीटर की रेल पटरियां बिछवाई पर वह उद्योगों को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि कच्चा माल बंदरगाह पर ले जाने के लिए। विश्व में भारत का हिस्सा जीडीपी 24.4% था, जो 1947 तक आते-आते 3% रह गया। साल 1498 का संपन्न भारत 1947 तक आते-आते लूट-पिट कर खाली हो चुका था। अंग्रेजों ने न सिर्फ भारत का सोना-चांदी और पैसा लूटा, उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था, शिक्षा ,संस्कृति को तहस-नहस कर डाला। भारत ने 1956 में अपनी पहली औद्योगिक नीति के साथ विकास की नींव रखी, जिसे साल 1980 में अपनी दूसरी संशोधित औद्योगिक नीति के साथ अर्थव्यवस्था को सुधारने के प्रयास कर गए, परंतु 1990 तक आते-आते कोई ज्यादा बदलाव हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था में नहीं हुआ। असली बदलाव या औद्योगिकरण में क्रांति 1991 की नई औद्योगिकरण नीति के साथ हुआ, जिसमें पूर्ण उदारीकरण किया गया। लाइसेंस राज खत्म कर आयात-निर्यात के लिए विदेशी बाजार को पूर्ण रूप से भारत में लाया गया। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2022 को 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश को एक लक्ष्य दिया। 'विकसित भारत 2047' का सपना अब केवल किसी राजनीतिक पार्टी का विजन नहीं, अपितु पूरे भारतवर्ष के युवा वर्ग की मंजिल है। इसे हम वोकल फॉर लोकल, स्टार्टअप्स, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया के माध्यम से आसानी से हासिल कर सकते हैं। आजादी के 100 साल पूरे होते-होते दुनिया को दिखाना है कि जिस घरौंदे को विदेशी ताकतों ने 200 साल में उजाड़ा था, वह 100 साल में पहले से ज्यादा मजबूत बनकर खड़ा हो गया। विकसित भारत का लक्ष्य 1947-2047 का ही नहीं, अपितु यह सफर अंग्रेजों के उजाड़े हुए घरौंदे को फिर से बसाने का सफर है। लक्ष्य कोई भी हो, प्रयास अनूठे होने चाहिए, फिर चाहे वह मनुष्य को अपनी मंजिल तक पहुंचाने का हो या देश को विकसित बनाने का लक्ष्य हो।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



भारत-यूएई

अरविंद जयतिलक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाकर व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाई दी है। यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया गया है। यह पहल भारत के विकास के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर हामी भरी है। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रक्षिक्षण, सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष रूप से सहमति बनी। यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी व व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

# व्यापारिक साझेदारी की ऊंची उड़ान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाकर व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाई दी है। यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया गया है। यह पहल भारत के विकास के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर हामी भरी है। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रक्षिक्षण, सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष रुप से सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच जहाज निर्माण और कौशल विकास पर भी समझौते हुए हैं। दोनों देश सुपर कंप्यूटिंग और डिजिटल व्यापार क्षेत्र में भी एक-दूसरे की मदद करेंगे। गौरतलब है कि वर्ष के प्रारंभ में दोनों देश एफएटीएफ अर्थात फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लॉनड्रिंग विरोधी और आतंकवाद फाइनेंस के तहत सहयोग पर पहले ही सहमति जता चुके हैं।

दोनों देश रक्षा, एआई डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश में भी एक-दूसरे से कंधा जोड़े हुए हैं। उम्मीद है कि वर्ष 2032 तक दोनों देशों के साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंच जाएंगे। आज की तारीख में दोनों देशों के बीच एक सौ अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हो रहा है। यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के साथ गिफ्ट सिटी में फर्स्ट आबूधाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड का ऑफिस बनाने को तैयार है। गौर करें तो दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्ते लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं और समय की कसौटी पर खरे हैं। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान भी दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए थे। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक एक फ्रेमवर्क तैयार करने पर सहमति जाहिर कि जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजेक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल होगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच इतने अधिक मधुर संबंध हैं कि तब प्रिंस रहे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए 'अपने दूसरे घर' आने के लिए आभार जताया था। तब राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा समेत दुबई फ्रेम, एडनॉक बिल्डिंग एवं एमिरेट्स पैलेस को तिरंगे के रंग से रंग दिया था। गौर करें तो दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदू रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलुओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि इस क्षेत्र में नए क्षेत्रीय कुटनीतिक-आर्थिक संबंध तेजी से बनते-बिगड़ते रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच




संयुक्त अरब अमीरात की भारत से बढ़ती प्रगाढ़ता अति महत्वपूर्ण है। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। अच्छी बात यह है कि भारत और यूएई दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा सहयोग बना हुआ है। याद होगा कि फरवरी 2007 में बंगलौर में आयोजित किए गए 'एयरो इंडिया शो' में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने अधिकारियों को भेजा था। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए। भारतीय नौसेना के पोतों ने संयुक्त अरब अमीरात की अनके सदभावना यात्राएं की। मौजूदा समय में भी तटरक्षक स्तर पर भी दोनों के बीच सहयोग बना हुआ है। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आई। इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रूप दे सकते हैं। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। जानकारी मिलती है कि भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात क्षेत्र से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं।

चूंकि पश्चिमी तट विशेष रूप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है। उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं। गौर करें तो अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारों के लिए स्त्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्त्रोत है। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर से अधिक है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

## दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा




संकलित

## प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### बढ़ती कीमतों के लिए कौन जिम्मेदार?

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद से ही देशभर में लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इस बढ़ोतरी का सीधा असर हमारी रोजमर्रा की जिंदगी और जेब पर पड़ने वाला है। अब तो हर चीज के दाम बढ़ेंगे, जिससे आम आदमी को अपना जीवनयापन करना मुश्किल हो जाएगा। महंगाई बढ़ने से जनता का मासिक बजट बिगड़ जाता है। जरूरी वस्तुओं की खरीदारी में भी कटौती करनी पड़ती है और बचत में भी कमी आती है। आम जनता पर तो महंगाई की चौतरफा मार पड़ती है। मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट तो बिगड़ ही जाता है, लेकिन गरीब आदमी का तो जीना ही मुहाल हो जाता है। सरकार को मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखकर महंगाई पर नियंत्रण करने के उचित प्रयास करने चाहिए।

*- प्रकाश मेहता, कांकेर*

## ट्रेंड

### नशा मुक्त भारत



मोदी सरकार 'नशा मुक्त भारत' के लिए प्रतिबद्ध है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 'ऑपरेशन रेजपिल' के माध्यम से हमारी एजेंसियों ने पहली बार कैप्टागन नामक तथाकथित "जिहादी ड्रग" की 182 करोड़ रुपये की खेप जब्त की है।

**-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### सड़कों का कायापलट



असम की सड़कें न सिर्फ इंस्टाग्राम पर शेयर करने लायक हैं, बल्कि ये आपको कुछ सबसे अनोखे स्थलों से भी जोड़ती हैं। शानदार असम को देखने और हमारी सड़कों के कायापलट का प्रत्यक्ष अनुभव करने के लिए, जल्द ही इस प्रदेश की यात्रा की योजना बनाएं।

**- हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### जन कल्याण का संकल्प



जुझारू नेताओं और कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही सामाजिक न्याय का शासन आएगा, जो भेदभाव को समाप्त करेगा और सभी के लिए प्रगति और समृद्धि लाएगा। जन कल्याण का संकल्प ही हमारे संघर्ष की शक्ति है।

**- अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### सांस्कृतिक विरासत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को गौरवपूर्वक पुनर्जीवित कर रहा है और विश्व को यह संदेश दे रहा है कि अपनी जड़ों से जुड़ा राष्ट्र ही सबसे दृढ़ और आत्मविश्वासी होता है।

**-बांसुरी स्वराज**, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# कनाडा में क्रूज से लौटे यात्री में हंता वायरस के लक्षण मिले



एमवी होंडियस क्रूज पर हंटा वायरस संक्रमण फैलने के बाद अपने घर लौटे कनाडा के चार नागरिकों में से एक में शुरुआती जांच में संक्रमित होने के संकेत मिले हैं। कनाडा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ब्रिटिश कोलंबिया की जनस्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बॉनी हेनरी ने बताया कि विनिपेग स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला से अंतिम पुष्टि संबंधी रिपोर्ट सप्ताहांत तक आने की संभावना है। उन्होंने कहा, हमें इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी, लेकिन हम स्थिति से निपटने के लिए तैयार थे। दंपति में से एक में दो दिन पहले हल्के लक्षण दिखाई देने शुरू हुए। सत्ता वर्षीय व्यक्ति को बुखार और सिरदर्द जैसी शिकायतें थीं। फिलहाल दोनों को विक्टोरिया के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हेनरी ने बताया कि मरीज की हालत स्थिर है और लक्षण फिलहाल हल्के हैं। उन्हें अस्पताल में अलग निगरानी में रखा गया है। दूसरे सदस्य में बेहद मामूली लक्षण पाए गए, लेकिन जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, कम से कम राहत की बात यह है कि लक्षणों का समय रहते पता चल गया। दोनों को अगले कई दिन तक निगरानी में रखा जाएगा। एमवी होंडियस जहाज पर हंटा वायरस का प्रकोप शुरू होने के बाद से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

## ऑफ बीट

# अब उम्र तय करने में जीन की भूमिका पहले से अधिक



शोध के अनुसार, आज के दौर में जीवनकाल में जीन का योगदान पहले की तुलना में कहीं अधिक दिखाई देता है। इसके पीछे कारण यह नहीं है कि जीन अचानक ज्यादा प्रभावशाली हो गए हैं, बल्कि यह है कि बीते एक शताब्दी में मृत्यु के कारणों में बड़ा बदलाव आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदी पहले बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं, संक्रमणों और अन्य बाहरी कारणों से मर जाते थे। वैज्ञानिक इन्हें 'बाह्य कारण' कहते हैं। इसके विपरीत, आज विकसित देशों में अधिकांश मौतें 'आंतरिक कारणों' से होती हैं, जैसे उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां- हृदय रोग, डिमेंशिया और अन्य रोग। अधिक स्पष्ट तस्वीर के लिए शोध दल ने स्कैंडिनेवियाई देशों में जुड़वां बच्चों के बड़े समूहों का अध्ययन किया। इसमें दुर्घटनाओं और संक्रमणों से हुई मौतों को अलग कर दिया गया। इसके अलावा अमेरिका में अलग-अलग पले-बढ़े जुड़वां बच्चों और सौ साल से अधिक उम्र तक जीने वाले लोगों के भाई-बहनों का भी विश्लेषण किया गया। जब बाहरी कारणों से होने वाली मौतों को अलग कर देखा गया, तो जीवनकाल में जीन का अनुमानित योगदान 20-25 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 50-55 प्रतिशत तक पहुंच गया। शोधकर्ताओं के अनुसार, यह पैटर्न विभिन्न बीमारियों में भी दिखाई देता है।

## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## थार के रेगिस्तान की लोकधुनों को देश दुनिया तक पहुंचाने में अहम नाम अनसुने नायक की पहचान बनी

# बिखरे हीरे को कुछ यूं संजो रही है मोदी सरकार: पद्म सम्मान से अलंकृत होंगे राजस्थान के 'अलगोजा सम्राट' तगाराम भील

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

थार के रेगिस्तान की लोकधुनों को देश-दुनिया तक पहुंचाने वाले राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकार को पद्म सम्मान से अलंकृत किया जाना लोक कला जगत के लिए गर्व का विषय बन गया है। जैसलमेर जिले के मूलसागर गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक अपनी अलगोजा वादन कला का जादू बिखेरने वाले तगाराम भील को लंबे समय से लोक संस्कृति के 'अनसुने नायक' के रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे गांव, गंवई के नायकों की पहचान कर मोदी सरकार देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाज रही है।



तगाराम भील अलगोजा वादन के ऐसे सिद्धहस्त कलाकार हैं जिन्होंने अपनी साधना, संघर्ष और समर्पण से रेगिस्तानी लोक संगीत को नई पहचान दिलाई।

**जैसलमेर जिले के मूलसागर गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक अपनी कला का परिचय दिया साधना, संघर्ष और समर्पण से रेगिस्तानी लोक संगीत को नई पहचान दिलाई, नामी कलाकार बने**

अलगोजा थार क्षेत्र का पारंपरिक दोहरी बांसुरी जैसा वाद्य यंत्र है, जिसे 'शीशम' और 'कैर' की लकड़ी से बनाया जाता है। इसे मुंह और गले की विशेष तकनीक से बजाया जाता है, जो अत्यंत कठिन मानी जाती है। 17 अप्रैल 1960 को जैसलमेर के मूलसागर गांव में जन्मे तगाराम भील ने मात्र सात वर्ष की आयु में अपने पिता से अलगोजा सीखना शुरू किया। बचपन में पशु चराते समय रेगिस्तान की हवाओं और लोकधुनों के बीच उन्होंने इस वाद्य पर अभ्यास किया। वर्षों की कठिन साधना ने उन्हें अलगोजा वादन का उस्ताद बना दिया।

उनकी प्रतिभा को पहली बड़ी पहचान वर्ष 1981 में मिली, जब प्रसिद्ध लोक कलाकार अकबर खान राजदरबारी आलमखाना और तत्कालीन जनसंपर्क अधिकारी स्वर्गीय शंभूदन रत्नू उन्हें स्वतंत्रता दिवस समारोह में गोपा चौक, जैसलमेर में प्रस्तुति देने का अवसर दिलाकर लाए। इस प्रस्तुति के बाद तगाराम भील की ख्याति दूर-दूर तक फैल गई और उन्हें देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा विदेशी मेहमानों के समक्ष प्रस्तुति देने के अवसर मिलने लगे।

तगाराम भील ने उस्ताद अकबर खान से उस्ताद अरब म्यूजिक इंस्टीट्यूट, जैसलमेर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 1986 में उन्हें नई दिल्ली स्थित सेंटर फॉर कल्चरल रिसोर्सेज एंड ट्रेनिंग से छात्रवृत्ति भी मिली। उन्होंने राजस्थान दिवस, डेजर्ट फेस्टिवल जैसलमेर, ऊंट उत्सव बीकानेर, पुष्कर मेला, मारवाड़ उत्सव जोधपुर, शिल्पग्राम मेला उदयपुर और 'ड्रम्स ऑफ इंडिया' जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। तगाराम भील ने लोक संगीत की महक को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक भी पहुंचाया। उन्होंने फ्रांस, स्पेन, इटली, जर्मनी, हॉलैंड, पुर्तगाल, जापान और सिंगापुर में लोक उत्सवों में भाग लिया। अमेरिका में डलास दिवाली मेला, कैलिफोर्निया इंटरनेशनल फेस्टिवल और कॉटन बाउल फेस्टिवल जैसे आयोजनों में भी उन्होंने राजस्थान की लोक संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया। लोक संगीत में अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें महारावल गिरधार पुरस्कार, मरुधरा अवॉर्ड, आदिवासी सम्मान राजस्थान, सकर खान मंगणियार पुरस्कार, अमृत गंगा अवॉर्ड और गौरव सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर अपनी कला के बल पर विश्व मंच तक पहुंचने वाले तगाराम भील आज भी लोक संस्कृति के संरक्षण और नई पीढ़ी को अलगोजा सिखाने में जुटे हुए हैं। उनका पद्म सम्मान केवल एक कलाकार का सम्मान नहीं, बल्कि राजस्थान की लोक परंपरा, थार की मिट्टी और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरव भी माना जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### सनातन विरोधी उदयनिधि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** सनातन के खिलाफ अक्सर जहर उगलने वाले डीएमके विधायक और तमिलनाडु के नेता



विपक्ष उदयनिधि स्टालिन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सीएम विजय के सामने विधानसभा में सनातन को खत्म करना ही होगा वाला मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। पहले भी उदयनिधि ने सनातन पर इसी तरह की टिप्पणी की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा था।

### कंटेनर की टक्कर से ऑटो सवार 3 की मौत

**शाहजहांपुर।** जिले में कांट-जलालाबाद हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार डंपर से ऑटो को



टक्कर लग गई। हादसे में कांट थाना क्षेत्र के गांव बवक्करपुर निवासी सनी कुमार की पत्नी रामक्षत्रिय व जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला यूसूफजई निवासी 45 वर्षीय कल्लू और उनकी पत्नी राबिया की मौत हो गई। हादसे में 4लोग घायल हो गए हैं।

### डंपर-वैन की भिड़ंत में 4 लोगों की गई जान

**हमीरपुर।** जिले में बागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की अर्टिगा वैन रविवार दोपहर मौदहा



कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-34 पर डंपर से टकरा गई। इस हादसे में एक ही परिवार की एक महिला समेत 4लोगों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई।

### एक्सप्रेस-वे पर स्कॉर्पियो पलटी, 3 लोगों की मौत

**बालोतरा।** राजस्थान के बालोतरा जिले में रविवार सुबह भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क



हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। आसोतरा गांव के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में 3लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक मासूम बच्चे सहित 4 अन्य लोग घायल हो गए।

### रिंद नदी में 4 युवक डूबे 4 को बचा लिया गया

**फतेहपुर।** जिले में रविवार को रिंद नदी में नहाते समय 8 युवक गहराई में जाने से डूब गए। मछुआरों की



मदद से चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। 4 युवकों की मौत हो गई। ललौली थाना क्षेत्र के तपनी निवासी हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश और शान की डूबने से मौत हो गई। ललौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

---

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने गुजरात को दी सौगातें

# अहमदाबाद में 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' और 'ग्रेमी सिटी कैंपस' का किया उद्घाटन





एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद, गुजरात में नवनिर्मित 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' और 'ग्रेमी सिटी कैंपस' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना देश को तकनीक और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में आगे ले जाना है, जिसे यह परियोजना एक बड़े मील के पत्थर के रूप में आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, उच्च कौशल और उद्यमिता आधारित उद्योगों का विस्तार गुजरात को न्यू-एज टेक्नोलॉजी का नेतृत्वकर्ता बनाएगा।

शाह ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप टेक जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि सरकार रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, एआई, ऑटोमेशन, साइबर सिक्योरिटी, डिफेंस और स्पेस टेक जैसे क्षेत्रों को तेज़ी से बढ़ावा दे रही है।

**एआई और डीपटेक में भारत की भूमिका बढ़ी**

मोदी सरकार के विजन को जमीन पर उतारा तकनीक और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ाने का लक्ष्य

इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### सेवा क्षेत्र को नई दिशा द रहे

शाह ने कहा कि अब गुजरात को सेवा क्षेत्र में भी शीर्ष तीन राज्यों में लाने का लक्ष्य है। अहमदाबाद को बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे शहरों के समकक्ष विकसित करना जरूरी है। टेक पार्क और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर अहम भूमिका निभाएंगे।

### औद्योगिक मॉडल और विकास बढ़ेगा

उन्होंने कहा कि 2002 से गुजरात में औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को व्यवस्थित रूप दिया गया है। उनके अनुसार, गुजरात ने हर क्षेत्र में मजबूत कदम बढ़ाए हैं और औद्योगिक विकास में देश के शीर्ष राज्यों में अपनी जगह बनाई है।

### हाई वैल्यू नौकरियों का सृजन होगा

लगभग 1100 करोड़ रुपए की लागत से विकसित यह टेक पार्क 13.5 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फैला है। इसकी पहली चरण में 9,000 हाई-स्किल प्रोफेशनल्स के लिए आधुनिक कार्य वातावरण उपलब्ध होगा। 5 वर्षों में 7चरणों में लगभग 15,000 करोड़ रुपए के निवेश से 63,000 से अधिक हाई-वैल्यू नौकरियों के सृजन का लक्ष्य रखा गया है। इस परिसर में कमर्शियल स्पेस के साथ-साथ मॉल, होटल और रेजिडेंशियल सुविधाएं भी शामिल हैं।

### रियल एस्टेट और टाउन प्लानिंग शिक्षा के क्षेत्र में अहम

शाह ने कहा कि यह रियल एस्टेट और टाउन प्लानिंग शिक्षा के क्षेत्र में अहम है। उन्होंने कहा कि जब टाउन प्लानिंग सही नहीं होती, तो शहरों का संतुलित विकास नहीं हो पाता। मोदी सरकार की अर्बन प्लानिंग सुधारों ने इस क्षेत्र में नए युग की शुरुआत की है। यह संस्थान भविष्य में देश के रियल एस्टेट सेक्टर में आधुनिक सोच और कुशल नेतृत्व तैयार करेगा।

### अत्याधुनिक डेयरी प्लांट का भी किया लोकार्पण

## किसानों को मिलेगा सीधा लाभ डेयरी ढांचे को मिलेगी मजबूती

गुजरात के गांधीनगर जिले के दशीला गांव में स्थित मधुर डेयरी के अत्याधुनिक फुली ऑटोमेटेड मिल्क



प्रोसेसिंग एंड पैकेजिंग यूनिट का उद्घाटन रविवार को शाह ने किया। यह परियोजना राज्य के डेयरी सहकारी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम है। अमूल फेडरेशन के अंतर्गत जीसीएमएमएफ से संबद्ध मधुर डेयरी एक सहकारी संस्था के रूप में कार्य कर रही है। दुग्ध उत्पादकों को लाभ होगा।

**नई यूनिट से उत्पादन क्षमता में बड़ा विस्तार**

करीब 128 करोड़ की लागत से तैयार इस आधुनिक संयंत्र की प्रारंभिक क्षमता 2.5 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे 5 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाया जा सकता है। मधुर डेयरी की कुल प्रसंस्करण क्षमता भी 5 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है।

**दूध उत्पादकों और उपभोक्ताओं को लाभ होगा**


इस नए संयंत्र के शुरू होने से किसानों को उनके दूध का बेहतर और लाभकारी मूल्य मिलेगा, जबकि उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले दूध और विविध डेयरी उत्पाद मिल सकेंगे।

---

## बिखरे हीरे को कुछ यूं संजो रही है केंद्र की मोदी सरकार

# दिव्यांग हाई-जंपर प्रवीण कुमार को मिलेगा देश का सर्वोच्च पद्म सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





विपरीत परिस्थितियों को अपनी ताकत बनाकर दुनिया में भारत का परचम लहराने वाले युवा पैरा हाई जंपर को मोदी सरकार ने पद्म सम्मान के लिए चुना है। खेल जगत में 'अनचीन्हे नायक' के रूप में उभरे प्रवीण कुमार की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि उन लाखों दिव्यांग युवाओं के सपनों की जीत मानी जा रही है, जो कठिनाइयों के बावजूद बड़े लक्ष्य हासिल करने का साहस रखते हैं।

15 मई 2003 को एक साधारण परिवार में जन्मे प्रवीण कुमार बचपन से ही शारीरिक चुनौतियों से जूझते रहे। उनका एक पैर दूसरे से छोटा है, लेकिन इस कमी को उन्होंने कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। शुरुआत में उनकी रुचि वॉलीबॉल में थी। खेल के दौरान उन्होंने महसूस किया कि वह असाधारण ऊंचाई तक छलांग लगा सकते हैं और कई सामान्य खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी आत्मविश्वास ने उन्हें इंटर-स्कूल प्रतियोगिता में हाई जंप आजमाने के लिए प्रेरित किया और यहीं से उनके ऐतिहासिक सफर की शुरुआत हुई। प्रवीण कुमार के जीवन में बड़ा मोड़ तब आया, जब उनकी मुलाकात जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कोच डॉ. सत्यपाल सिंह से हुई। वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अनुशासित मार्गदर्शन ने उन्हें एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी से विश्वस्तरीय पैरा एथलीट में बदल दिया। आज प्रवीण कुमार पुरुष टी-44 हाई जंप वर्ग में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी हैं। वह पैरालंपिक पदक जीतने वाले सबसे युवा भारतीय पैरा एथलीट हैं। साथ ही वह पहले भारतीय पैरा खिलाड़ी बने, जिन्होंने सामान्य खिलाड़ियों की राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पैरा और मुख्यधारा खेलों के बीच की दीवार को तोड़ा। उन्होंने टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन पैरा गेम्स और कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए लगातार पदक जीते और एशियाई रिकॉर्ड बनाए। प्रवीण ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर की। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 2.05 मीटर की छलांग लगाकर एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

टोक्यो पैरालंपिक में उन्होंने 2.07 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता और नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद पेरिस पैरालंपिक 2024 में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। एशियन पैरा गेम्स में भी उन्होंने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया।वर्ष 2022 में उन्होंने फेडरेशन कप जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर इतिहास रच दिया, जब वह सामान्य राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय पैरा खिलाड़ी बने।खेलों में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 2021 में अर्जुन पुरस्कार और 2024 में देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने वाले प्रवीण कुमार केवल खुद को बेहतर बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उभरते पैरा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन भी देते हैं। वह विशेष बच्चों के संस्थानों में जाकर खेलों के जरिए आत्मविश्वास और सामाजिक बदलाव का संदेश देते हैं। सरकार द्वारा पद्म सम्मान के लिए उनका चयन इस बात का प्रतीक माना जा रहा है कि अब देश उन खिलाड़ियों को भी सम्मान दे रहा है, जिन्होंने संघर्षों के बीच असंभव को संभव बनाया और भारत को वैश्विक खेल मंच पर नई पहचान दिलाई।

---

## कांग्रेस के चेन्निथला और मुरलीधरन बनेंगे मंत्री

# केरल में शपथ ग्रहण से पहले कैबिनेट की घोषणा

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

तिरुवनचर राधाकृष्णन केरल की नई कैबिनेट



के स्पीकर बनाए गए हैं। कैबिनेट की घोषणा के साथ-साथ यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने विधानसभा के प्रमुख पदों को भी अंतिम रूप दे दिया है। सीनियर विधायक तिरुवनचूर राधाकृष्णन को केरल विधानसभा का स्पीकर चुना गया है, वहीं शानिमोल उस्मान डिप्टी स्पीकर के रूप में कार्य करेंगे, साथ ही आईयूएमएल से 5 विधायकों को कैबिनेट में जगह दी जाएगी।

### विभागों के बंटवारे को लेकर हो चुकी चर्चा पूरी

इधर, विभागों के बंटवारे को लेकर भी चर्चा पूरी हो चुकी है। सतीशन ने यह भी कहा है कि गठबंधन सहयोगियों के बीच विभागों के बंटवारे को लेकर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। अंतिम मंजूरी से पहले केवल कुछ छोटे-मोटे बदलाव बाकी हैं. मंत्रियों की आधिकारिक सूची अब राज्यपाल को सौंपी जाएगी।

---

**पीएम मोदी की अपील के बाद फैसला**

# आज से हर सोमवार को चलेंगी 6 अतिरिक्त ट्रेनें और बढ़ेंगे 24 फेरे

## पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण किया बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागरिकों से ईंधन की खपत कम करने की अपील के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने 18 मई से प्रत्येक सोमवार को 6 अतिरिक्त ट्रेनों के जरिए 24 अतिरिक्त ट्रेन फेरे चलाने की घोषणा की है। जरूरत पड़ने पर अन्य दिनों में भी अतिरिक्त सेवाएं संचालित की जाएंगी।

### मेट्रो की ओर यात्रियों का रुझान बढ़ेगा

मौजूदा परिस्थितियों में सड़क परिवहन से मेट्रो की ओर यात्रियों का रुझान बढ़ सकता है। इसे देखते हुए स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, टिकट काउंटरों की संख्या बढ़ाने, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और बैगेज स्कैनर सक्रिय करने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने की तैयारी की गई है।

### 160 मेट्रो स्टेशनों पर कई सुविधाएं बढ़ीं

डीएमआरसी ने कहा कि उसका विस्तृत नेटवर्क रेलवे स्टेशनों, आईएसबीटी, एयरपोर्ट, नमो भारत कॉरिडोर और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इससे मदद मिल रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए 160 मेट्रो स्टेशनों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी नेटवर्क विकसित किया है।

---

## श्रद्धालुओं की सेहत से खिलवाड़

# बांके बिहारी में बिकने जा रहा 150 किलो दूषित पेड़ा जब्त

एजेंसी ▶▶ मथुरा

पुरुषोत्तम मास के पावन महीने में वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं की सेहत से खिलवाड़ करने की एक बड़ी साजिश को खाद्य सुरक्षा विभाग ने नाकाम कर दिया है। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन की टीम ने वृंदावन में सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा 150 किलोग्राम दूषित पेड़ा पकड़ा है। जिसे मौके पर अधिकारियों ने नष्ट कराया। फ्लाइंग स्क्वॉड के सदस्य और खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने पेड़े का नमूना जांच के लिए भेज दिया। पेड़ों को नष्ट करा दिया गया। पेड़ों की अनुमानित कीमत 30 हजार बताई जा रही है।



### स्कूटी पर बोरों में भरकर ले जा रहे थे

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में वृंदावन पुलिस के सहयोग से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने एक संदिग्ध स्कूटी को रुकवा कर चेक किया तो स्कूटी के ऊपर रखे 4 प्लास्टिक के बोरे में 150 किलोग्राम संदिग्ध पेड़ा भरा हुआ था।

---

## सुवेंदु का कोलकाता में दिखा उत्तरप्रदेश का 'योगी वाला मॉडल'

# वर्षों से जमी 'अवैध गंदगी' को एक झटके में किया साफ

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बंगाल में भाजपा सरकार का उत्तर प्रदेश वाला एक्शन शुरू हो गया है। सरकारी जमीन पर कब्जा कर सालों से बैठने वाले या तो खुद जमीन खाली कर दें या फिर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। अब अवैध अतिक्रमणकारियों की खैर नहीं है। हावड़ा स्टेशन परअवैध कब्जों की वजह से लोगों का पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता था। हावड़ा स्टेशन के भीड़भाड़ वाले इलाकों में नगर निगम की टीमों ने भारी मशीनों और बुलडोजर के साथ मिलकर यह महा-अभियान चलाया। भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे और सफाई अभियान का दायरा पूरे शहर में बढ़ेगा। वर्षों से अवैध निर्माण फल- फूल रहा था।

## हावड़ा स्टेशन के पास अवैध निर्माणों को हटाया



### पार्क सर्कस में पथराव से 3 पुलिसकर्मी घायल

यहां का पार्क सर्कस इलाका रविवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। तिलजला में हाल ही में हुई बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में हो रहा प्रदर्शन हिंसक हो गया। अल्पसंख्यक बहुल पार्क सर्कस 7 पॉइंट क्रॉसिंग पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जमा हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया। इसमें 3 पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं। भीड़ ने केंद्रीय बलों के वाहनों सहित सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।

**अवैध निर्माण से बार-बार लग रहा जाम**

प्रशासन ने साफ किया है कि यह कड़ा कदम आम लोगों की सुरक्षा और शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए उठाया जा रहा है। घनी आबादी वाले इलाकों में अवैध निर्माण काफी खतरनाक रूप से बढ़ गए हैं। हाल ही में कोलकाता के तिलजला इलाके में एक भयानक अग्निकांड हुआ था।

### हावड़ा स्टेशन के बाहर चला बुलडोजर, टूटीं दुकानें

देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में शामिल हावड़ा स्टेशन के बाहर रविवार देर रात बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। रेलवे प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गंगा घाट से लेकर स्टेशन परिसर तक फैले अवैध कब्जों और अस्थायी दुकानों को बुलडोजर से हटाया गया। इस अभियान के दौरान पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप



### टाटा स्टील का मुनाफा दोगुना से ज्यादा हुआ

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील का एकीकृत शुद्ध लाभ 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में दो गुना से ज्यादा होकर 2,965 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से भारत में परिचालन राजस्व अधिक होने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 1,201 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। जनवरी-मार्च के दौरान, कंपनी की कुल आय बढ़कर 63,518.60 करोड़ रुपये हो गई जो एक वर्ष पूर्व 2024-25 की चौथी तिमाही में 56,679.11 करोड़ रुपये थी।

### जैन इरिगेशन सिस्टम्स को 19 करोड़ रुपए का घाटा

**नई दिल्ली।** जैन इरिगेशन सिस्टम्स को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 19 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। मुख्य रूप से अधिक खर्च के कारण कंपनी का घाटा बढ़ा है। कंपनी ने सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 27.86 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कुल आय मार्च तिमाही में बढ़कर 1,824.63 करोड़ रुपये हो गई।

### बीते सप्ताह मूंगफली के तेल में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** गुजरात में गर्मी की मूंगफली फसल आने की संभावना के बीच बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम टूट गये जबकि कमजोर आवक और मांग बढ़ने से सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। बीते सप्ताह सरकार ने आयातित तेलों के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि की और सीपीओ के लिए यह शुल्क 4.5 रुपये क्विंटल तथा सोयाबीन डीगम तेल के लिए 1.5 रुपये क्विंटल बढ़ा दिया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मई में अब तक 25,000 लोगों की छूटी नौकरी, खत्म हो रहा आईटी का सुनहरा दौर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया भर की बड़ी टेक कंपनियों में इस समय छंटनी का दौर लगातार जारी है। साल 2026 में अब तक हजारों कर्मचारी अपनी नौकरी गंवा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मई 2026 के दो हफ्तों में ही करीब 25 हजार टेक कर्मचारियों की नौकरी चली गई। सबसे बड़ी बात ये है कि ज्यादातर कंपनियां अब एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ज्यादा फोकस कर रही हैं और इसी वजह से कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेपाल, सिस्को और क्लाउड फ्लायर जैसी बड़ी कंपनियों ने हजारों कर्मचारियों की छंटनी की है। सबसे ज्यादा चर्चा पेपाल की हो रही है। कंपनी अगले कुछ सालों में अपनी लगभग 20 प्रतिशत वर्कफोर्स कम करने की तैयारी में है। रिपोर्ट्स देखें तो इससे करीब 4700 से ज्यादा कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। कंपनी अब एआई और ऑटोमेशन पर ज्यादा निवेश करना चाहती है। वहीं, सिस्को ने भी करीब 4000 नौकरियां खत्म करने का फैसला लिया है। कंपनी का कहना है कि अब वह एआई और तेजी से बढ़ते टेक सेक्टर पर फोकस करना चाहती है। लगातार हो रही छंटनी की वजह से टेक इंडस्ट्री में काम करने वाले लोगों के बीच डर और अनिश्चितता बढ़ रही है। सोशल मीडिया और रेडिट जैसे प्लेटफॉर्म पर भी लोग नौकरी को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं।

## दुनिया भर की बड़ी टेक कंपनियों में इस समय चल रही है छंटनी

### क्या है छंटनी की वजह?

पहले कंपनियां लागत कम करने या बिजनेस घाटे की वजह से कर्मचारियों को निकालती थीं, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। अब एआई को सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। कई कंपनियों का कहना है कि एआई की मदद से कई काम तेजी और कम लागत में हो रहे हैं। ऐसे में कंपनियां छोटी टीम के साथ ज्यादा काम करना चाहती हैं। यही वजह है कि टेक सेक्टर में लगातार रिस्ट्रक्चरिंग यानी बदलाव देखने को मिल रहा है।




### लिंक्डइन से लेकर फ्रेशवर्क्स तक असर

छंटनी की मार सिर्फ अमेरिकी कंपनियों तक सीमित नहीं है। लिंक्डइन, फ्रेशवर्क्स, कॉइनबेस और ट्रूकॉलर जैसी कंपनियां भी कर्मचारियों की संख्या घटा रही हैं। फ्रेशवर्क्स ने करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनी का कहना है कि एआई की वजह से काम करने का तरीका तेजी से बदल रहा है।

## अमेरिका-ईरान के बीच तनाव जल्द खत्म होने की संभावना कम

# द्विपक्षीय बातचीत से समुद्री मार्ग से कच्चे तेल की आपूर्ति में सुधार संभव : मूडीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव जल्द खत्म होने की संभावना कम है और ऐसे में होर्मुज जलडमरूमध्य के पूरी तरह खुलने की उम्मीद भी फिलहाल नहीं दिख रही है। एजेंसी ने अपनी भू-राजनीतिक जोखिम संबंधी वैश्विक रिपोर्ट में कहा कि ऊर्जा आपूर्ति के लिए समुद्री मार्गों पर आवाजाही धीरे-धीरे सुधर सकती है, लेकिन यह सामान्य तरीके से नहीं बल्कि द्विपक्षीय समझौतों के जरिये होगी।

- होर्मुज के पूरी तरह खोलने की संभावना काफी कम बताई जा रही

इसके तहत चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे तेल आयातक देश ईरान के साथ अलग-अलग स्तर पर सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने की कोशिश कर सकते हैं। मूडीज के अनुसार, लारक द्वीप और ओमान के समुद्री क्षेत्र के पास कुछ समन्वित पारगमन गलियारे उभर रहे हैं, लेकिन 2026 में भी संघर्ष-पूर्व स्तर की आवाजाही बहाल होना मुश्किल दिखता है।



### कच्चा तेल 90 से 110 डॉलर प्रति बैरल के बीच बना हुआ

हालांकि, नए भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के चलते कीमतों में इससे बाहर भी तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। एजेंसी के मुताबिक, यदि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक 90-110 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी रहती हैं तो कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में 0.2 से 0.8 प्रतिशत अंक तक की कमी आ सकती है।

### वैश्विक बाजार आपूर्ति संकट से जूझता रहेगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अगले छह महीनों में जलडमरूमध्य में सुरक्षित आवाजाही फिर शुरू भी हो जाती है, तब भी वैश्विक तेल बाजार आपूर्ति संकट से जूझता रहेगा। इससे ऊर्जा कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहेगा और लागत, मांग तथा वित्तीय परिस्थितियों पर असर पड़ेगा। मूडीज ने अनुमान जताया कि इस वर्ष ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 90 से 110 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रह सकती हैं।

### ऊंची तेल कीमतों से रुपये पर दबाव बढ़ सकता है

मूडीज ने कहा कि भारत सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है क्योंकि उसके करीब 46 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात पश्चिम एशिया से होता है। ऊंची तेल कीमतों से रुपये पर दबाव बढ़ सकता है और चालू खाते के घाटे (कैड) तथा राजकोषीय प्रबंधन पर असर पड़ सकता है। एजेंसी ने मई के अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में 2026 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.8 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

### संघर्ष अब तीसरे महीने में पहुंच गया

उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त हवाई हमलों के बाद शुरू हुआ पश्चिम एशिया संघर्ष अब तीसरे महीने में पहुंच गया है। इस संघर्ष के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया, जहां से सामान्य परिस्थितियों में दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल और एलएनजी व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा आता था।

# युवा बेहतर रोजगार के लिए गृह नगर से कर रहे पलायन : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में शारीरिक श्रम करने वाले और अर्ध-कुशल सेवा कार्यों में लगे कर्मचारियों में अधिक महिलाएं और पहली बार नौकरी तलाश रहे युवा बेहतर रोजगार और अधिक वेतन के लिए अपने गृह नगरों से बाहर जा रहे हैं, जिससे जनवरी-अप्रैल, 2026 के दौरान नौकरी संबंधी पलायन में 31.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। नौकरी के बारे में सूचना देने वाले मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, देश के श्रम बाजार में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है, जिसमें अधिक महिलाएं, फ्रेशर और विभिन्न क्षेत्रों के कामगार बेहतर अवसरों की तलाश में अपने शहर से बाहर नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-अप्रैल, 2026 के दौरान अन्य शहरों के लिए 86 लाख नौकरी आवेदन किए गए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 65 लाख थी। यह 31.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह उसी शहर में किए गए आवेदनों की 20.2 प्रतिशत वृद्धि से काफी अधिक है, जिससे स्पष्ट होता है कि दूसरे शहरों में नौकरी तलाशने वाले कामगारों की संख्या स्थानीय स्तर पर नौकरी तलाशने वालों की तुलना में 1.5 गुना तेजी से बढ़ रही है।

- शारीरिक श्रम, अर्ध-कुशल नौकरियों के लिए अधिक महिलाएं



### 24.1 प्रतिशत बाहर नौकरी तलाश रहे

इसके परिणामस्वरूप, मंच पर लगभग 24.1 प्रतिशत कामगार अब अपने गृह नगर से बाहर नौकरी के अवसर तलाश रहे हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह आंकड़ा 22.5 प्रतिशत था। रिपोर्ट 3.5 करोड़ से अधिक नौकरी आवेदनों के विश्लेषण पर आधारित है।

# हाइब्रिड म्यूचुअल फंड ने 1.55 लाख करोड़ का निवेश किया आकर्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने संतुलित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया है, जिसके चलते हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 1.55 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड एक साथ कई तरह की संपत्तियों में निवेश करता है। मसलन शेयर,बॉन्ड आदि में। इसका उद्देश्य जोखिम और प्रतिफल में संतुलन बनाना होता है। भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग के संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने जारी किए आंकड़े। आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2026 तक हाइब्रिड फंड के फोलियो बढ़कर 1.9 करोड़ हो गए, जबकि एक साल पहले यह संख्या 1.56 करोड़ थी। इस दौरान लगभग 34 लाख नए निवेशक खाते जुड़े। इस श्रेणी की परिसंपत्तियों का प्रबंधन (एयूएम) भी बढ़कर 10.35 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2025 में 8.83 लाख करोड़ रुपये था। एडलवाइस म्यूचुअल फंड की प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राधिका गुप्ता ने 'पीटीआई -भाषा' से कहा, ''हाइब्रिड फंड (मिश्रित निवेश योजना) ने मजबूत वृद्धि दर्ज की है।

### अपेक्षाकृत कम जोखिम

गुप्ता ने कहा, एयूएम में वृद्धि यह दर्शाती है कि निवेशक विविध पोर्टफोलियो और परिसंपत्ति आवंटन आधारित निवेश को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। हाइब्रिड फंड अब उन निवेशकों के लिए मुख्य विकल्प बनते जा रहे हैं जो अपेक्षाकृत कम जोखिम के साथ इक्विटी में भागीदारी चाहते हैं।

## भारत बना नेस्ले की किटकैट के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्विट्जरलैंड की खाद्य एवं कन्फेक्शनरी कंपनी नेस्ले के लोकप्रिय चॉकलेट- ब्रांड किटकैट के लिए भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बन गया है। कंपनी के अनुसार, मजबूत उपभोक्ता पहुंच, उत्पाद नवाचार और आक्रामक विपणन निवेश के कारण भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है।नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने हाल ही में कहा, ''भारत अब किटकैट के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और पिछले कुछ वर्षों में ब्रांड की बाजार हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। कंपनी के अनुसार, भारत पिछले दो से तीन साल से इस ब्रांड का दूसरा सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन अब यह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

## कच्चे तेल के दाम तय करेंगे घरेलू शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतों का असर इस सप्ताह भी भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि महंगाई की चिंता और रुपये में कमजोरी निवेशकों की बेचैनी बढ़ा रही है, जिससे दलाल पथ में भारी उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। पिछले सप्ताह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 के स्तर से नीचे फिसल गया। रुपये की इस कमजोरी ने निवेशकों की चिंता और बढ़ा दी है। जानकारों के मुताबिक, आने वाले दिनों में रुपये की चाल बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान संघर्ष और उसके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर पर बनी रहेगी।



## सऊदी अरामको से ढाई गुना बड़ा आईपीओ होगा स्पेसएक्स का

# मस्क की स्पेस कंपनी 'स्पेसएक्स' आईपीओ लाने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज स्पेस कंपनी स्पेसएक्स आईपीओ लाने की तैयारियों में जुटी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलॉन मस्क की योजना इसे अमेरिकी स्टॉक मार्केट के इंडेक्स नास्डाक पर 12 जून को लिस्ट कराने की है। द कोबेस्सी लेटर के एक्स (पूर्व नाम ट्विटर) पर एक ट्वीट के मुताबिक स्पेस कंपनी की नजर 1.75-2 ट्रिलियन डॉलर यानी लाख करोड़ के वैल्यूएशन 7500 करोड़ डॉलर 7.2 लाख करोड़ का आईपीओ लाने की है। आईपीओ की सफलता के बाद यह 2019 में आए सऊदी अरामको के रिकॉर्ड करीब 2940 करोड़ डॉलर (2.82 लाख करोड़ रुपए) के आईपीओ से करीब ढाई गुना बड़ा होगा।

- अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज नास्डाक में 12जून को सूचीबद्ध कराने की तैयारी



### आईपीओ का काम 21 बैंक देख रहे हैं

*अमेरिकी बाजार नियामक एसईसी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन) का रिव्यू प्रोसेस उम्मीद से जल्द पूरा होने के बाद स्पेसएक्स ने आईपीओ पर काम तेज कर दिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक अब कंपनी अपना एस-1 प्रॉस्पेक्टस 21 मई को जारी कर सकती है, 4 जून को इंवेस्टर रोडशो शुरू हो सकता है, 11 जून को शेयरों की कीमत तय हो सकता है और 12 जून को नास्डाक पर ट्रेडिंग शुरू हो सकती है। इस आईपीओ का काम मॉर्गन स्टैनले, गोल्डमैन, जेपीमॉर्गन चेज, बैंक ऑफ अमेरिका और सिटीग्रुप समेत 21 बैंक देख रहे हैं।*

### खास बातें और चिंताएं

स्पेसएक्स के आईपीओ के साइज ने मार्केट को चौंका दिया है क्योंकि यह 1.75 डॉलर-2 ट्रिलियन डॉलर का वैल्यूएशन तलाश रही है जबकि इसका सालाना रेवेन्यू करीब 1550 करोड़ डॉलर ही है। इस वैल्यूएशन का बड़ा हिस्सा केवल रॉकेट लांच और स्टारलिंक सैटेलाइट बिजनेस पर आधारित नहीं है, बल्कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), ऑर्बिटल इंफ्रा और दूसरे ग्रहों पर विस्तार जैसी लॉन्ग टर्म महत्वाकांक्षाओं पर भी आधारित है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी ने गोपनीय फाइलिंग में खुद को ट्रेडिशनल ऐरोस्पेस कंपनी कम दिखाया है, भविष्य की एआई स्पेस इंफ्रा कंपनी के तौर पर अधिक दिखाया है जिसका दायरा चंद्रमा और मंगल पर आधारित इंडस्ट्रीज, ऑर्बिटल डेटा सेंटर्स और स्पेस-पावर्ड एनर्जी सिस्टम तक हो सकती है।

### आईपीओ को लेकर काफी उत्साह

इस आईपीओ को लेकर काफी उत्साह तो है ही लेकिन कॉरपोरेट गवर्नेंस एक्सपर्ट्स और इंस्टीट्यूशनल इंवेस्टर्स के बीच चिंताएं भी पैदा की हैं। रायटर्स के मुताबिक कई बड़े अमेरिकी पेंशन फंड्स ने स्पेसएक्स के गवर्नेंस स्ट्रक्चर पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि लिस्टिंग के बाद भी एलॉन मस्क कंपनी पर लगभग बिना रोक-टोक नियंत्रण बनाए रख सकते हैं।

## राशिफल

**मेष:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन:** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6229




**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 6228 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | रा | ल |



**शाम 7.30 बजे से अभिषेक और सैमसन का आमना-सामना**

# प्लेऑफ में एंट्री के लिए चेन्नई और हैदराबाद में आज कांटे की टक्कर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अब तक अधिकतर मैचों में अपने बल्लेबाजों के दम पर जीत हासिल करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग में आमने-सामने होगी तो बल्लेबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना अधिक रहेगी।

प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए इन दोनों टीम के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। हैदराबाद हालांकि चेन्नई की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उसके 12 मैच में 14 अंक है और अभी वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। चेन्नई की टीम के 12 मैच में 12 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है।

### सनराइजर्स को दिखाने होंगे पुराने तेवर

जहां तक सनराइजर्स की बात है तो कभी उसकी बल्लेबाजी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत नजर आती है लेकिन कभी वह फिसड्डी साबित हो जाती है जैसा कि पिछले मैच में हुआ। गुजरात टाइटंस के खिलाफ 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी पूरी टीम 86 रन पर आउट हो गई थी। सनराइजर्स को उस शर्मनाक प्रदर्शन को भुलाकर जल्द से जल्द अपने पुराने तेवर दिखाने होंगे। इसके लिए जरूरी है कि अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और इशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले हेनरिक क्लासेन भी पिछले मैच में नहीं चल पाए थे।



### सैमसन, गायकवाड और पटेल को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अब तक जब भी अच्छा प्रदर्शन किया तब टीम को जीत मिली। ऐसे में उसकी संभावना बरकरार रखने के लिए संजू सैमसन, रुतुराज गायकवाड, उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में इनमें से केवल कार्तिक ने ही अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके अलावा शिवम दुबे ने अंतिम ओवरों में आक्रामक पारी खेली थी लेकिन उसके गेंदबाज 188 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाए थे। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने इससे पहले अपनी विकेट लेने की योग्यता का अच्छा नमूना पेश किया था लेकिन पिछले मैच में उन्होंने केवल 2.4 ओवर में 63 रन लुटा दिए थे। उनका इकोनोमी रेट 23.62 रहा जो टी20 क्रिकेट में कम से कम 15 गेंद करने वाले गेंदबाज का सबसे खराब प्रदर्शन है। उन्हें शीघ्र अपनी लय हासिल करनी होगी।

### चेपॉक में शिवांग की भूमिका अहम

जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो उसके कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस किफायती साबित हुए हैं लेकिन इशान मलिंगा पिछले मैच में महंगे साबित हुए थे। चेपॉक की धीमी पिच पर उसके स्पिनर शिवांग कुमार की भूमिका भी अहम होगी। इन दोनों टीम के बीच, जो पिछला मैच खेला गया था उसमें सनराइजर्स ने 10 रन से जीत हासिल की थी और वह उससे प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 |
| गुजरात | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| राजस्थान | 12 | 6 | 6 | 12 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| लखनऊ | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
554 रन
गुजरात

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 23 रन से हराया

# प्ले ऑफ में आरसीबी, पंजाब की छठी हार

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बनी। लगातार तीसरी जीत के साथ बेंगलुरु की टीम के 13 मैच में 18 अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर बरकरार है। लगातार छठी हार के बाद पंजाब की टीम 13 मैच में 13 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शशांक सिंह (56 रन, 27 गेंद, 4 छक्के, 4 चौके) के अर्धशतक और मार्कस स्टोइनिस (37 रन, 25 गेंद, 5 चौके) के साथ उनकी 6 विकेट की 67 रन की साझेदारी के बावजूद पंजाब की टीम 8 विकेट पर 199 रन ही बना सकी। कूपर कोनोली (37) और सूर्यांश शेडगे (35) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। बेंगलुरु की ओर से रसिक सलाम ने 36 रन देकर तीन जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 38 रन देकर 2 विकेट चटकाए।



### कोहली ने 9वीं बार किए आईपीएल में 500 रन पूरे

आरसीबी के स्टार बैटर विराट कोहली ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में 16वां रन बनाते ही बड़ा मुकाम हासिल किया। कोहली ने आईपीएल के 19वें सीजन में भी 500 से ज्यादा रन पूरे कर लिए हैं। वह मौजूदा सीजन में 500 रन का आंकड़ा छूने वाले तीसरे बैटर बन गए हैं। उनसे पहले हेनरिक क्लासेन और साई सुदर्शन ने इस सीजन में ये कारनामा हासिल किया है।
इतना ही नहीं, ये रिकॉर्ड 9वीं बार रहा, जब आईपीएल के सीजन में विराट कोहली ने 500 से ज्यादा रन बनाए। वह ऐसा करने वाले दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल में 9 सीजन 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में डेविड वॉर्नर और केएल राहुल को उन्होंने पछाड़ दिया, जिन्होंने 7-7 बार एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाए हैं।

### वेंकटेश और कोहली ने खेली अर्धशतकीय पारी

बेंगलुरु की टीम ने वेंकटेश (नाबाद 73, 40 गेंद, 8 चौके, 4 छक्के) की कोहली (58 रन, 37 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 और टिम डेविड (12 गेंद में 28 रन, दो छक्के, दो चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 222 रन बनाए। कोहली ने कप्तान देवदत्त पडिक्कल (45) के साथ दूसरे विकेट के लिए 76 जोड़कर टीम को ठोस मंच प्रदान किया। पंजाब की ओर से हरप्रीत बरार सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 35 रन देकर 2 विकेट चटकाए। अर्शदीप सिंह (43 रन पर एक विकेट) और युजवेंद्र चहल (42 रन पर एक विकेट) को एक-एक विकेट मिला।



# राजस्थान की लगातार तीसरी हार, दिल्ली 5 विकेट से जीती

## केएल राहुल-अभिषेक के अर्धशतक, स्टार्क को 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**दिल्ली ने प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी**

मिचेल स्टार्क के चार विकेट के बाद आखिरी ओवरों में आशुतोष शर्मा के पांच गेंद में नाबाद 18 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है। जीत के लिये 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 19 रन की जरूरत थी और इंपैक्ट सब आशुतोष ने 19वें ओवर में बृजेश शर्मा को छक्का और आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों में एडम मिल्ने को चौका और छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के बाद दिल्ली 13 मैचों में 12 अंक लेकर सातवें स्थान पर आ गई है जबकि रॉयल्स 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के भी 12 मैचों में 12 अंक है लेकिन बेहतर रनरेट के आधार पर वह पांचवें स्थान पर है। इससे पहले स्टार्क के चार गेंद में तीन विकेट के बूते आखिरी ओवरों में वापसी करते हुए दिल्ली ने अपने घरेलू मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट पर 193 रन पर रोक दिया। एक समय पर लग रहा था कि रॉयल्स 230 के आसपास पहुंच जायेगी लेकिन सीम और स्विंग के महारथी आस्ट्रेलियाई धुरंधर स्टार्क ने 15वें ओवर में आक्रामक खेल रहे रॉयल्स के कप्तान रियान पराग (26 गेंद में 51) और डोनोवन फरेरा (0) को लगातार गेंद पर आउट किया जबकि रवि सिंह (चार) भी पगबाधा आउट हुए।

### खबर संक्षेप

#### भारत एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 11वें स्थान पर रहा

**गांधीनगर।** भारत रविवार को यहां संपन्न सीनियर एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 11 पदक के साथ पदक तालिका में 11वें स्थान पर रहा जबकि महिला टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर रही। भारत ने एक रजत और 10 कांस्य पदक जीते। चीन 21 स्वर्ण, 12 रजत और आठ कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा। उत्तर कोरिया 30 पदक (18 स्वर्ण, 11 रजत, 1 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि चीनी ताइपे ने तीन स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत महिला टीम रैंकिंग में 487 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चीन 578 अंक के साथ महिला टीम रैंकिंग में शीर्ष पर रहा। चीनी ताइपे (491 अंक) ने दूसरा स्थान हासिल किया। चीन पुरुषों की टीम रैंकिंग में भी 593 अंक के साथ शीर्ष पर रहा। भारत 379 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रहा। प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय भारोत्तोलन महासंघ की विज्ञप्ति के मुताबिक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 25 विश्व रिकॉर्ड टूटे और 27 नए एशियाई रिकॉर्ड बने।

#### तीसरे दौर में अवनि ने किया संघर्ष, प्रणवी बाहर



**हैम्बर्ग।** अवनि प्रशांत को लेडीज यूरोपियन टूर के अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने 81 का स्कोर बनाकर लीडरबोर्ड में अपनी स्थिति कमजोर कर ली। अवनि ने टूर्नामेंट की शुरुआत 78 के स्कोर से की थी, लेकिन दूसरे राउंड में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए चार अंडर 69 का स्कोर बनाया और आसानी से कट हासिल कर लिया था। वह कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, क्योंकि प्रणवी उर्स कट में जगह नहीं बना पाई थी जबकि वाणी कपूर ने पहले राउंड में 83 का स्कोर बनाकर टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। अवनि का कुल स्कोर अब 9 ओवर पर है और वह काफी नीचे खिसक गई है। इस बीच जर्मनी की एलेक्जेंड्रा फोर्स्टरलिंग ने अंतिम दिन से पहले दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली है।

# बांग्लादेश की स्थिति मजबूत पाकिस्तान पहली पारी में पिछड़ा



एजेंसी ▶▶| सिलहट

■ बांग्लादेश ने 3 विकेट पर बनाए 110 रन

पाकिस्तान के खिलाफ सिलहट में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन की समाप्ति के समय बांग्लादेश ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रविवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय बांग्लादेश ने 3 विकेट पर 110 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 156 रन की कर ली थी। बांग्लादेश को पहली पारी में 46 रन की बढ़त मिली थी। बांग्लादेश की दूसरी पारी की शुरुआत निराशाजनक रही थी। टीम ने तंजीद हसन के रूप में पहला विकेट 15 के स्कोर पर खो दिया था, लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मोमिनुल हक और महमुदुल हसन जॉय ने तेजी से रन बनाए।

# गोल्ड से चूके सात्विक और चिराग, 53 मिनट चले फाइनल में इंडोनेशियाई से हारे

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने रविवार को खेले गए फाइनल में चार चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में उन्हें थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट तक चले मैच में 12-21 23-25 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग ने 2019 और 2024 में खिताब जीता था। यह सात्विक और चिराग के खिलाफ इंडोनेशियाई जोड़ी की पहली जीत भी है। इससे पहले इन दोनों जोड़ियों के बीच खेले गए सभी चार मैच भारतीय जोड़ी ने जीते थे।




### हमें सकारात्मक को होकर खेलने की जरूरत : सात्विक

इस हार के बावजूद सात्विक दोनों खिलाड़ियों की प्रगति से खुश थे। उन्होंने कहा, 'आज को छोड़कर मैं इस सप्ताह के हमारे खेल से खुश हूं। अब यह शारीरिक से ज्यादा मानसिक है। हमें खुद पर भरोसा रखना होगा। हमें सकारात्मक को होकर खेलने की जरूरत है। अब चीजें हमारे पक्ष में काम करने लग गई है और जल्द ही हम जीतने वाली टीम बन जाएंगे।' सात्विक ने स्वीकार किया कि पहले गेम में पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी को तेज शटल और इंडोनेशिया की आक्रामक खेल शैली के अनुकूल होने में समय लगा। सात्विक ने कहा, ' प्रतियोगिता के बाकी मैच की तुलना में आज शटल काफी तेजी से आ रही थी और उससे तालमेल बिठाना आसान नहीं था।'

**इटालियन ओपन**

# स्वितोलिना बनीं चैंपियन, 8 साल बाद जीता बड़ा खिताब



एजेंसी ▶▶| रोम

■ एलिना ने 3 घंटे तक चले मैच में कोको गॉफ को हराया

एलिना स्वितोलिना ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में कोको गॉफ को हराकर तीसरी बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वितोलिना ने लगभग 3 घंटे तक चले मैच में गॉफ को 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराया। यह 2018 में इटालियन ओपन जीतने के बाद उनका पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। यूक्रेन की इस खिलाड़ी ने 2017 में भी यहां खिताब जीता था।

### विश्वास करना बहुत मुश्किल : स्वितोलिना

स्वितोलिना ने अपने करियर का 20वां खिताब जीतने के बाद कहा, 'यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि 8 साल हो गए जब मैंने इससे पहले यहां ट्रॉफी जीती थी। मैं निश्चित रूप से यहां बिताए दो सप्ताह से बहुत खुश हूं।'

# बायर्न म्यूनिख ने दागे 122 गोल, जीती बुंडेसलिगा ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

बायर्न म्यूनिख ने एक सत्र में सर्वाधिक 122 गोल करने के नए रिकॉर्ड के साथ जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा का खिताब जीता। हैरी केन की इस सत्र की चौथी हैट्रिक की मदद से बायर्न ने कोलोन पर 5-1 से शानदार जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। उसकी तरफ से इस मैच में टॉम बिशोफ और निकोलस जैक्सन ने भी गोल किए। केन ने इस सत्र में 36 गोल किए, जो 2020-21 में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के लीग रिकॉर्ड से पांच कम हैं। बुंडेसलिगा के एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड इससे पहले भी बायर्न के नाम पर ही था। उसने 1971-72 में 101 गोल किए थे। तब फ्रांज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर जैसे खिलाड़ी उसकी तरफ से खेला करते थे।



# सुपर शतरंज क्लासिक : प्रज्ञाननंदा ने खेला ड्रा, बनाई संयुक्त बढ़त

एजेंसी ▶▶| बुखारेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेलकर सुपर शतरंज क्लासिक के तीसरे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए रखी। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट का हिस्सा है। पिछले दौर में उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराने वाले प्रज्ञाननंदा के दो अंक हो गए हैं। वह फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट, अनीश गिरी और कीमर के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इस टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से आधे खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना और वेस्ली सो दोनों ने अपने सभी मैच ड्रॉ किए हैं और उनके 1.5 अंक हैं।



ईरानी मूल के फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेज़ा फ़िरोजा और स्थानीय स्टार डिएक बोगदान-डैनियल दोनों के आधा-आधा अंक हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## रविवार सुबह गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर डॉक हुआ सिमी

# खतरों से जूझता हुआ अंततः 20 हजार टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा टैंकर सिमी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में घरेलू ईंधन क्षेत्र को राहत देते हुए मार्शल द्वीप समूह के ध्वज वाला द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से लदा जहाज सिमी रविवार सुबह गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर सफलतापूर्वक डॉक हो गया। 13 मई को होर्मुज जलडमरूमध्य में बनी तनावपूर्ण स्थिति के बीच जहाज भारत पहुंचा है। होर्मुज एक प्रमुख चोक पॉइंट है जो पश्चिम एशिया में चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण पिछले 75 दिनों से अधिक समय से बुरी तरह बाधित है।

भारतीय तेल निगम (आईओसी) द्वारा कतर के रास लाफान टर्मिनल से प्राप्त लगभग 20,000 टन तरल प्रोपेन और ब्यूटेन से लदा यह जहाज अपने सभी 21 विदेशी चालक दल सदस्यों (जिनमें 13 फिलिपिनो और आठ यूक्रेनी शामिल हैं) के साथ सुरक्षित पहुंचा। सिमी के पारगमन के लिए एडवांस सामरिक क्षमता की आवश्यकता थी। अमेरिका की कड़ी नाकाबंदी और ओमान की खाड़ी में ईरानी नौसैनिक गश्ती दल के बीच, विमानवाहक पोत ने बुधवार को अपने स्वचालित पहचान प्रणाली (एआईएस) ट्रांसपोंडर को अस्थायी रूप से निष्क्रिय कर दिया और रडार की निगरानी वाले युद्ध क्षेत्रों से सफलतापूर्वक निकलकर ईरान के लारक द्वीप के पूर्व में फिर से प्रकट हुआ।

» *सिमी मार्च से अब तक अवरोध को सफलतापूर्वक पार करने वाला भारत से जुड़ा 13वां ऊर्जा पोत है*

» *ब्लैकआउट क्षेत्र से गुजरा सिमी, पोत को बचाने की थी चुनौती*



सिमी बंदरगाह पर डॉक किया गया



कैंडला बंदरगाह

### मंत्रालयों का रहा बेहतरीन आपसी समन्वय, तब मिली कामयाबी

नई दिल्ली के अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान में यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों के बीच व्यापक समन्वय की जरूरत थी कि पोत को वापस न भेजा जाए या वह गोलीबारी की चपेट में न आए। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने पुष्टि की कि यह सुरक्षित आवागमन महानिदेशक जहाजरानी, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के बीच निर्बाध, चौबीसों घंटे समन्वय के कारण संभव हो पाया।

सिमी मार्च की शुरुआत से अब तक अवरोध को सफलतापूर्वक पार करने वाला भारत से जुड़ा 13वां ऊर्जा पोत है। इसके ठीक पीछे वियतनाम के ध्वज वाला एक अन्य एलपीजी टैंकर, एनवी सनशाइन भी है, जो फिलहाल 46,427 टन ईंधन लेकर नए मंगलौर बंदरगाह की ओर जा रहा है।

### घटते गैस भंडार के लिए बड़ा सहारा

खाना पकाने की गैस का आगमन भारत के घरेलू बाजार के लिए इससे बेहतर समय पर नहीं हो सकता था। पश्चिम एशियाई शिपिंग मार्गों में 75 दिनों तक चले लंबे व्यवधान के कारण, भारत के कुल कच्चे तेल और वाणिज्यिक गैस भंडार में लगभग 15 प्रतिशत की भारी कमी आई है। सरकार इससे निपटने के हरसंभव प्रयास कर रही है।

### अराघची बोले- भारत को सुरक्षा देगा ईरान



अराघची ने स्पष्ट किया कि ईरान होर्मुज में सुरक्षा के रक्षक के रूप में अपना ऐतिहासिक कर्तव्य हमेशा निभाता रहेगा। एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मेजबान विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ सार्थक बातचीत में क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा हुई और यह स्पष्ट किया गया कि ईरान होर्मुज में सुरक्षा के रक्षक के रूप में अपना ऐतिहासिक कर्तव्य हमेशा निभाता रहेगा।

## रेडिएशन के संकेत नहीं मिले, फिलहाल खतरा टला

# संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट पर ड्रोन हमला, लगी आग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास रविवार को एक संदिग्ध ड्रोन हमले के बाद बाहरी इलेक्ट्रिकल जनरेटर में आग लग गई। घटना के बाद अबू धाबी प्रशासन ने तुरंत इमरजेंसी रिस्पॉन्स शुरू किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आग प्लांट की आंतरिक सुरक्षा सीमा के बाहर लगी थी और इससे परमाणु सुरक्षा प्रणालियों या प्लांट के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। अबू धाबी मीडिया ऑफिस के अनुसार, दमकल और आपातकालीन टीमों ने तेजी से आग पर काबू पा लिया।



धमाके के बाद आग की उठीं लपटें

### अफवाहों से बचने की अपील

यूएई सरकार ने लोगों से केवल आधिकारिक और सत्यापित जानकारी पर भरोसा करने की अपील की है। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर अफवाहें या अपुष्ट दावे साझा करने से बचने को कहा है, खासकर परमाणु सुरक्षा से जुड़ी खबरों के मामले में।

# 91 हजार करोड़ का भारत में पहला सेमीकंडक्टर स्थापित!

## चिप पर टाटा-एएसएमएल के बीच डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण को नई गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डच कंपनी एएसएमएल और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन की मौजूदगी में हुआ। दोनों नेताओं ने गुजरात के धोलेरा में स्थापित होने वाले भारत के पहले फ्रंट-एंड सेमीकंडक्टर फैब के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और एएसएमएल की साझेदारी का स्वागत किया।



### ग्रीन हाइड्रोजन पर बड़ी तैयारी

भारत और नीदरलैंड मिलकर ग्रीन हाइड्रोजन पर बड़ी तैयारी कर रहे हैं। द्विपक्षीय संबंधों पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश ग्रीन हाइड्रोजन के लिए एक महत्वाकांक्षी संयुक्त रोडमैप लॉन्च कर रहे हैं।

### दोनों देशों के बीच इन क्षेत्रों पर हुई चर्चा

भारतीय बंदरगाहों को नीदरलैंड के बंदरगाहों से जोड़ना

**क्लीन एनर्जी:** ग्रीन हाइड्रोजन और रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में संयुक्त **काम**

**फ्यूचर टेक:** रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप्स, और एग्रीकल्चरल सप्लाई **चेन टैलेंट इंजन:** भारत को वैश्विक स्तर पर एक टैलेंट इंजन के रूप में देखा जा रहा है।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**